तृतीय

वार्षिक रिपोर्ट एवं वित्तीय विवरण

वित्तीय वर्ष 2015-2016

सहज™

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

(कम्पनी अधिनियम, 1956 के भाग IXA के प्रावधानों के अन्तर्गत निगमित)

सहज™
Saahaj
Pure Ghee
शुद्धता का वादा, स्वाद भी ज़्यादा
शुद्धता का वादा,
स्वाद भी ज़्यादा
व्यापार से संबंधित जानकारी के लिए संपर्क करें: सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, क्रॉस रोडस मॉल, 2nd फ्लोर,
प्लाट नंबर - 5 & 6, सेक्टर - 13, आवास विकास कॉलोनी, सिकंदरा योजना, सिकंदरा - बोदला रोड, आगरा - 282007, उत्तर प्रदेश मोबाईल नं. 08392954925
दुग्ध उत्पादकों की अपनी कम्पनी

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ सं.
1.	अध्यक्ष सन्देश	4
2.	मिशन मिल्क की उप परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण	5–20
3.	निदेशकों की रिपोर्ट	21–31
4.	स्वतन्त्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट	32–37
5.	वित्तीय विवरण 01 अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2016 तक	
	(अ) आर्थिक चिट्ठा	38
	(ब) लाभ–हानि विवरण	39
	(स) रोकड़ प्रवाह विवरण	40
	(द) नोट्स जो की वित्तीय विवरण का हिस्सा है	41–61

संलग्नक : तृतीय वार्षिक साधारण सभा का सूचना पत्र एवं सम्बन्धित अनुलग्नक 62–80

कम्पनी सचिव

श्री वरूण वर्मा

वैधानिक अंकेक्षक

मैसर्स एस.बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कम्पनी
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स
गुड़गाँव, हरियाणा

रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट्स (आर.टी.ए.)

लिंक इनटाइम इण्डिया प्रा. लि.
44, कम्प्यूनिटी सेन्टर, द्वितीय तल,
नारायना इण्डस्ट्रियल एरिया, फेस–1
पी.वी.आर. नारायना, नई दिल्ली–110028

आंतरिक अंकेक्षक

अरनेस्ट एण्ड यंग एलएलपी
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स
गुड़गाँव, हरियाणा

बैंकर्स

एच.डी.एफ.सी. बैंक, अलीगढ़
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, अलीगढ़
ईण्डसइंड बैंक, अलीगढ़
एच.डी.एफ.सी. बैंक, नोएडा
एच.डी.एफ.सी. बैंक, आगरा

पंजीकृत कार्यालय

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड
(सिन : U01403UP2014PTC066595)
क्रॉस रोड्स मॉल, द्वितीय तल, प्लाट नं. 5 एवं 6, सेक्टर–13,
आवास विकास कॉलोनी, सिकन्दरा योजना, सिकन्दरा बोदला रोड,
आगरा–282007 उत्तर प्रदेश, भारत, दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com, Website : www.saahajmilk.com

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी

कम्पनी के मूल्य, ध्येय एवं दीर्घदृष्टि

मूल्य

- ईमानदारी
- दूरदर्शिता
- गुणवत्ता
- पारदर्शिता
- टीम-भावना
- साहस और जुनून
- जागरूकता और जिम्मेदारियाँ सभी स्तर पर
- समय तत्परता

ध्येय

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी अपने सदस्यों के दूध की प्रतिस्पर्धात्मक कीमत देते हुए और दूध उत्पादन बढ़ाने तथा लागत खर्च कम करने के लिए आवश्यक सेवाएँ प्रदान करते हुए उनके दूध व्यवसाय से अर्जित लाभ को बढ़ाने के लिए कृत संकल्प है।

दीर्घ दृष्टि

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी दूध व्यवसाय के क्षेत्र में देश की अग्रणी कम्पनी होगी तथा दूध उत्पादकों, उपभोक्ताओं और कर्मचारियों की पहली पसंद होगी।

(नोट : हिन्दी भाषा में अनुवादित दस्तावेजों में किसी भी अस्पष्टता पाये जाने पर अंग्रेजी भाषा में लिखित दस्तावेज ही अन्तिम रूप से मान्य होंगे)

संचालक मण्डल



श्री दिग्विजय सिंह
(डी.आई.एन.–06963747)
निदेशक



श्री शिव सिंह
(डी.आई.एन.–06965779)
निदेशक



श्री सुरेन्द्र कुमार
(डी.आई.एन.–07034201)
निदेशक



श्री चन्द्र पाल सिंह
(डी.आई.एन.–06964687)
निदेशक



श्री महेश चन्द्र
(डी.आई.एन.–06965523)
अध्यक्ष



श्री हरपाल सिंह
(डी.आई.एन.–07060096)
निदेशक

श्रीमती सुनीता
(डी.आई.एन.–07081946)
निदेशक



श्री जवाहर लाल
(डी.आई.एन.–07081926)
निदेशक



श्री मुरारी लाल
(डी.आई.एन.–06966195)
निदेशक

श्रीमती अखिलेश
(डी.आई.एन.–07051619)
निदेशक



श्री अनिल कुमार
(डी.आई.एन.–07464066)
निदेशक

श्री अजय कुमार खोसला
(डी.आई.एन.–01854876)
विशेषज्ञ निदेशक

श्री एन.वी. बेलावाड़ी
(डी.आई.एन.–01734080)
विशेषज्ञ निदेशक

श्री सोमेन बिस्वास
(डी.आई.एन.–02633426)
विशेषज्ञ निदेशक



श्री ऋषिराज सिंह
(डी.आई.एन.–07005277)
मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक

अध्यक्ष संदेश



प्रिय शेयरधारक साथियो,

दूसरे वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिये सहज दुग्ध उत्पादक कंपनी लिमिटेड के प्रदर्शन पर एक बार फिर से आप सभी सदस्यों को अवगत कराते हुये मुझे अत्यन्त हर्ष हो रहा है।

पिछला वर्ष चुनौतीपूर्ण रहा है लेकिन कंपनी का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। कंपनी ने कर अदा करने के बाद रूपये 9.96 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

आपके संचालकों ने लाभांश को अनुशंसा का प्रस्ताव पारित किया है, यह लाभांश उन सदस्यों को मिलेगा, जिनका नाम सदस्यों के रजिस्टर में 31 मार्च, 2016 की अवधि तक अंकित हुआ है।

आपकी कंपनी ने किसान भाईयों का प्रोत्साहन बढ़ाया है, उन्हें कंपनी के उत्पादक सदस्य बनाकर तथा डेयरी व्यवसाय को आजीविका के रूप में अपनाने के लिए उन्हें प्रशिक्षित किया है। आपके द्वारा सहज को दी गयी दुग्ध की प्रतिपूर्ति की वचनबद्धता के आधार पर लॉयल्टी इन्सेन्टिव दिया गया है, जो आपके विश्वास को सुदृढ़ कर और प्रोत्साहित करेगा।

वित्तीय वर्ष 2015–2016 में कंपनी ने राष्ट्रीय डेयरी योजना के प्रथम चरण के तहत 13.47 करोड़ किलोग्राम दुग्ध का उपार्जन किया है। आहार संतुलन कार्यक्रम को किसान के घर तक पहुँचाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किये गये है। पशु चारा ''सहज सुदाना'' और चिलेटिड क्षेत्र विशिष्ट खनिज मिश्रण ''सहज मिन'' को दुधारू पशुओं की उत्पादकता को बढ़ाने के लिये उपयोग में लाया गया है। यह वित्तीय वर्ष कंपनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि का वर्ष रहा है क्योंकि कंपनी ने अधिक से अधिक महिलाओं को भी सदस्यों के रूप में जोड़ा है।

अगले नये वित्तीय वर्ष में प्रवेश करते हुए हमारा उद्देश्य रहेगा कि हम दुग्ध उपार्जन (प्रोक्योरमेंट) की मूलभूत संरचना को और मजबूत बनाये और सूचना तकनीकी प्रणाली पर आधारित दूध की खरीद और लेन–देन में अधिक निष्पक्षता और पारदर्शिता लाएं। आपकी कंपनी ने इस वित्त वर्ष 2016–2017 में दुग्ध उत्पादों जोकि दूध, छाछ, घी को आगरा, मथुरा, वृन्दावन, गोवर्धन, इग्लास, अलीगढ़, मैनपुरी, एटा, इटावा में आम जन को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है।

आपके द्वारा दिखाये गये विश्वास को धन्यवाद देते हुये मैं आपसे आगे भी सहयोग की आशा रखता हूँ। आपके द्वारा दिये जाने वाले अमूल्य सुझावों एवं मार्गदर्शन का सदैव स्वागत है।

शुभकामनाओं सहित

आपका विश्वसनीय
महेश चन्द्र
अध्यक्ष

मिशन मिल्क – राष्ट्रीय डेयरी योजना (प्रथम चरण) (अगली क्रान्ति)

राष्ट्रीय डेयरी योजना (प्रथम–चरण) केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है जो निम्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही है।

(क) दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए, दुधारू पशुओं की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए, और दूध की बढ़ती माँग को देखते हुए ग्रामीण स्तर पर दुग्ध उपार्जन व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी योजना को लागू किया गया है।

(ख) संगठित दुग्ध प्रसंस्करण क्षेत्र की अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्र में पहुँच बनाकर ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को अधिक से अधिक सहायता प्रदान करना इस योजना का उद्देश्य है।

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी द्वारा राष्ट्रीय डेयरी योजना की तीन उप परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही है।

(क) ग्राम आधारित दुग्ध संकलन प्रणाली
(ख) साध्य कृत्रिम गर्भाधान प्रजनन हेतु प्रायोगिक प्रतिरूप
(ग) आहार संतुलन कार्यक्रम

उपार्जन व्यवस्था
गाँव आधारित दुग्ध उपार्जन व्यवस्था

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी द्वारा संचालित उप–परियोजना ''गाँव आधारित दुग्ध उपार्जन व्यवस्था'' के अन्तर्गत दुग्ध उपार्जन व्यवस्था को सुदृढ़, पारदर्शी बनाया जा रहा है। उत्पादक सदस्यों को प्रशिक्षण एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

ग्रामीण दुग्ध संकलन केन्द्र पर दूध आपूर्ति करती हुई महिला सदस्य

सहज कंपनी के द्वारा गाँव आधारित दुग्ध उपार्जन व्यवस्था के अंतर्गत उ.प्र. के दस जिले – अलीगढ़, आगरा, बदाँयू, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, जे.पी. नगर, हाथरस, मैनपुरी एवं मुरादाबाद में मार्च 2016 तक 2661 संकलन केन्द्रों से वर्ष 15–16 में 3.68 लाख किलो दुग्ध प्रतिदिन एकत्रित किया था।

सहज कंपनी के द्वारा ज्यादा से ज्यादा संकलन केन्द्र खोलकर सदस्यों को जोड़ा जा रहा है ताकि उन सदस्यों की जरूरतों को पूरा किया जा सकें सूचना तकनीकी अवस्थापना एवं विभिन्न स्तरों (बी.एम.सी., एम.सी.सी.) पर आँकड़ों के समेकन से व स्वचलित दुग्ध उपार्जन इकाई को स्थापित कर गुणवत्ता एवं मात्रा के अनुसार निष्पक्ष व

पारदर्शी व्यवस्था से दुग्ध मूल्य का भुगतान किया जाता है। ऑटोमैटिक सौर ऊर्जा आधारित दुग्ध स्वचलित संग्रह के माध्यम से जोड़–तोड़ की गुजाइश को कम करने एवं मूल्य श्रंखला की वृद्धि होगी।

सभी दुग्ध केन्द्रों पर दूध की गुणवत्ता की जाँच की सुविधा। गुणवत्ता की जाँच होने के पश्चात् किसान की दूध की मात्रा, वसा व बसा रहित अघृत ठोस पदार्थ तथा कुल मूल्य लिखी हुई पर्ची सदस्य को दी जाती है। उत्पादक सदस्यों के सीधा दूध भुगतान के लिये उनके बैंक खाते खोलने के लिये उन्हें प्रेरित कर उनके खाते लेने का प्रयास किया जा रहा है।

बल्क मिल्क कूलर पर दुग्ध आपूर्ति करती हुई महिला सदस्य

बी.एम.सी. के माध्यम से दुग्ध संग्रह करने पर दुग्ध की गुणवत्ता अच्छी रहती है। क्योंकि गाँव में एकत्रित होने के पश्चात् पास के गाँव में लगे बी.एम.सी. पर यह दूध समय से ठंडा हो जाता है। जिसके कारण दूध में बैक्टिरिया की वृद्धि ज्यादा नहीं हो पाती है। सहज कंपनी के द्वारा संग्रह स्तर पर बेहतर स्वच्छता प्रथाओं को लागू करके संग्रह स्तर पर दूध की गुणवत्ता बेहतर होती है।

सहज कंपनी के द्वारा इस पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में 1,855 दुग्ध संग्रह केन्द्रों को बढ़ाकर 2,661 दुग्ध संग्रह केन्द्र कर दिये गये है।

गाँव आधारित दुग्ध उपार्जन व्यवस्था के उद्देश्यों में से एक उद्देश्य संगठित बाजार के माध्यम से पूरे साल उत्पादक सदस्यों को उचित मूल्य पर बाजार उपलब्ध कराना है। ताकि सदस्यों के हितों की रक्षा की जा सकें। इस परियोजना के अंतर्गत काफी संख्या में महिला सदस्यों को भी जोड़ा गया है ताकि उनके अन्दर विश्वास जागृत किया जा सकें व उन्हें स्वतन्त्र बनाया जा सकें।

इस परियोजना के अंतर्गत सहज कम्पनी के द्वारा इस वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत 60,602 सदस्य बनाये गये जिनमें से 16,538 महिला सदस्य थे जो कि कुल सदस्यों का 27 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त इस वित्तीय वर्ष में 16,966 अंतरिम सदस्य भी बने है। वर्ष 2016–17 में इन अंतरिम सदस्यों को भी सदस्य बना दिया जायेगा। सदस्यों को उत्पादक संस्था के लाभ एवं सक्रिय सहभागिता के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहे है। सहज कंपनी अपने हितधारकों एवं कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के लिये कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

दुग्ध उपार्जन प्रणाली के अंतर्गत 31 मार्च 2016 तक सहज कंपनी की स्थिति

मुख्य परिणाम सचेतक	मार्च 2016 तक उपलब्धि
दुग्ध संग्रह केन्द्र	2661
कुल सदस्य	77568
छोटे उत्पादक सदस्य प्रतिशत में	75 %
महिला सदस्य प्रतिशत में	24%
दुग्ध संग्रह (प्रतिदिन हजार किलो)	368

ग्राम आधारित दुग्ध उपार्जन प्रणाली के अंतर्गत दिये गये प्रशिक्षणों का विवरण

क्र. सं.	कार्यक्रम विवरण	सहभागी	सहभागियों की संख्या
1.	जागरूकता कार्यक्रम	उत्पादक सदस्य	75649
2.	गुणवत्ता एवं स्वच्छ दुग्ध उत्पादन	उत्पादक सदस्य	50417
3.	महिला जागरूकता कार्यक्रम	महिला उत्पादक	31530
4.	ग्रामीण युवा जागरूकता कार्यक्रम	ग्राम युवा	3640
5.	ग्रामीण स्कूल विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम	ग्रामीण विद्यार्थी	4318
6.	सदस्य सम्बन्ध समूह उन्मुखीकरण कार्यक्रम	सदस्य	1990
7.	दुग्ध उत्पादक कम्पनी पर कार्यशाला	....	15
8.	शासन प्रणाली कार्यशाला	....	15
9.	वार्षिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम	बोर्ड सदस्य	15
10.	एक्सपोजर भ्रमण	बोर्ड सदस्य	12
11.	संस्था विकास प्रशिक्षक प्रशिक्षण (एन.जी.ओ. स्टाफ)	एन.जी.ओ. स्टाफ	65
12.	संचालन एवं रखरखाव पर नेतृत्व विकास प्रशिक्षण	....	40
13.	बी.एम.सी. एवं एम.सी.सी. पर रखरखाव प्रशिक्षण	फील्ड स्टॉफ एवं कन्सेशनर	597
14.	सहायक उन्मुखीकरण कार्यक्रम	सहायक	1610
15.	ऑफिस असिस्टेंट हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण	ऑफिस स्टॉफ	84
16.	ऑफिस असिस्टेंट हेतु प्रेरणा कार्यक्रम	ऑफिस स्टॉफ	85
17.	सहायक रिफ्रेशर प्रशिक्षण	सहायक	347
18.	दुग्ध संकलन सदस्य संबद्ध एवं गुणवत्ता आश्वासन हेतु प्रशिक्षण	सुपर वाइजर	108
19.	ऑफिस असिस्टेट हेतु टीम बिल्डिंग और नेतृत्व प्रशिक्षण	ऑफिस स्टॉफ	40
20.	गुणवत्ता आश्वासन पर कार्यकारी स्टाफ प्रशिक्षण	कार्यकारी स्टॉफ	2
21.	गुणवत्ता आश्वासन पर कैमिस्ट स्टाफ प्रशिक्षण	कैमिस्ट/कन्सेशनर	548

आहार संतुलन कार्यक्रम (आर.बी.पी.)

आहार संतुलन कार्यक्रम पशु पोषण पर आधारित एक सलाहकारी सेवा है, जिसके अन्तर्गत इनाफ (INAPH) सॉफ्टवेयर के माध्यम से डेयरी कृषकों को उपलब्ध चारे दाने के प्रभावी प्रयोग हेतु वैज्ञानिक सलाह दी जाती है।

आहार संतुलन की सलाह देता स्थानीय संसाधक

आर.बी.पी. के उद्देश्य : आहार संतुलन कार्यक्रम का उद्देश्य दुग्ध उत्पादकों के घर पर ही तकनीकी निवेश व सेवाओं का प्रावधान करते हुए पोषण की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर पशुओं की उत्पादकता, प्रजनन क्षमता व स्वास्थ्य में सुधार हेतु किसानों को जागरूक करना है जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि एवं दुग्ध उत्पादन लागत में कमी करते हुए आर्थिक लाभ में सुधार हो।

आर.बी.पी. पशुपालकों को इस बात के लिए शिक्षित करेगा कि वे स्थानीय रूप से उपलब्ध खाद्य अवयवों की मात्रा को पुनः समायोजित करते हुए गाय और भैंस के आहार का संतुलन करें जिससे पशुओं के विकास, शारीरिक आवश्यकता, गर्भ एवं दुग्ध उत्पादन हेतु जरूरी खाद्य अवयवों की यथोचित मात्रा की पूर्ति सुनिश्चित हो सकें। कम से कम लागत पर स्थानीय रूप से उपलब्ध खाद्य स्त्रोतों का बेहतरीन उपयोग करते हुए पशु पोषण के संतुलन सम्बन्धी जागरूकता दुग्ध उत्पादकों में पैदा की जानी है।

पशु उत्पादकता एवं स्वास्थ्य हेतु सूचना तंत्र (INAPH) : पशु स्वास्थ्य से सम्बन्धित उन समस्त गतिविधियों का जो पशु पर सामान्यतः की जाती है, संज्ञान लेने के लिए पशु स्वास्थ्य के मोड्यूल इनाफ को तैयार किया गया है। आंकड़ों के संज्ञान के भाग–1 को किसी एक पशु के रिकार्ड अथवा पशु समूह के रिकार्ड के लिए उपयोग किया जा सकता है। व्यक्तिगत सेवाओं की श्रेणी में आंकड़े एकत्र करने हेतु पशु के कान में बिल्ला (टैग) लगाना पूर्व आवश्यकता है।

पशु उत्पादकता एवं स्वास्थ्य हेतु सूचना तंत्र (इनाफ) सॉफ्टवेयर इन्टरनेट सम्बद्ध विन्डो आधारित सॉफ्टवेयर है। इनाफ लेपटॉप, कम्प्यूटर्स व नेट–बुक्स में डाला जा सकता है। एल.आर.पी. (स्थानीय संसाधक व्यक्ति) द्वारा सॉफ्टवेयर में सीधे दर्ज किये गये आँकड़े इनाफ के केन्द्रस्थ उत्पादन सर्वर में भंडारित रहते है। लैपटॉप्स/नेट–बुक्स में डाले गये मुख्य एप्लीकेशन का उपयोग आँकड़ों के रिकार्ड, अनुश्रवण एवं कार्य विश्लेषण के लिए किया जाता है।

स्थानीय संसाधक व्यक्ति (एल.आर.पी.) : इस कार्यक्रम के तहत, एल.आर.पी. पशु उत्पादकता एवं स्वास्थ्य हेतु सूचना तंत्र (इनाफ) सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए स्थानीय रूप से उपलब्ध खाद्य संसाधनों से न्यूनतम लागत का संतुलित आहार तैयार करता है। ग्राम का एक युवा जिसे स्थानीय संसाधक व्यक्ति कहा जाता है, ग्राम स्तर पर

आर.बी.पी. सेवा उपलब्ध कराने के लिए पहचाना जाता है। एल.आर.पी. को इनाफ सॉफ्टवेयर के साथ नेटबुक व इण्टरनेट कनेक्शन से सुसज्जित किया जाता है। जिससे वह पशुपालक के घर पर ही आर.बी. सलाह तैयार कर सकें।

एक एल.आर.पी. कार्यक्रम को दो ग्रामों में लागू करेगा, लगभग 120 पशुओं हेतु किसान के घर पर ही आहार संतुलन सलाह सेवाएँ एवं खनिज मिश्रण भी इन दो ग्रामों में उपलब्ध करायेगा। ग्राम जागरूकता सभाओं के दौरान उत्पादकों से एल.आर.पी. का परिचय कराया जाता है। जागरूकता अभियान के एक हिस्से के रूप में सम्बन्धित ग्राम में टिन साइनेज व पोस्टर्स लगाये जाते है।

आहार संतुलन कार्यक्रम में निम्नलिखित चरण होते हैं –

1. **एल.आर.पी. चयन एवं प्रशिक्षण :** सम्बन्धित ग्राम से एक युवा का चयन कुछ अर्हताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। जैसे – वह दोनों ग्रामों से किसी एक का निवासी हो, न्यूनतम हाईस्कूल शिक्षित हो, समाज में अच्छी तरह स्वीकार्य हो, दुग्ध उत्पादन व्यवसाय में भागीदारी रखता हो, ईमानदार हो, कठोर परिश्रमी हो, किसानों हेतु खनिज मिश्रण की व्यवस्था करने की क्षमता रखता हो, स्थाई खाता संख्या (पैन) तथा बैंक खाता रखता हो। दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में एल.आर.पी. को पशुपालक की आधारभूत जानकारियों, किसानों से संवाद, इनाफ सॉफ्टवेयर आदि आहार संतुलन की विभिन्न क्रियाओं में प्रशिक्षित किया जाता है। इस प्रशिक्षण में 5 दिवसीय कक्षा प्रशिक्षण एवं 5 दिवसीय क्षेत्र प्रायोगिक प्रशिक्षण सम्मिलित होता है।

2. **ग्राम प्रसार गतिविधियाँ :** 10 दिवसीय सफल प्रशिक्षण उपरान्त कार्यक्रम के उन्नयन एवं एल.आर.पी. स्थापन हेतु ग्राम सभाएँ आयोजित की जाती है। जो दुग्ध उत्पादक किसान आर.बी.पी. को कार्यान्वित करते है, उन्हें कृषक किट दी जाती है। जिसमें एक थैला, पैन, लेखन पैड एवं पशु पोषण व प्रबन्धन पर आर.बी.पी. पुस्तक सम्मिलित होते है। सम्बन्धित ग्राम में टिन साइनेज भी लगाये जाते है।

पशु पंजीकरण हेतु कान में बिल्ला (टैग) लगाती एल.आर.पी.

3. **पशु पंजीकरण :** दुग्ध उत्पादकों की आर.बी.पी. क्रियान्वयन हेतु सहमति व उनके दुधारू पशुओं के आधार पर एल.आर.पी. उनका चयन करता है। पहले 12 अंकीय संख्या वाला बिल्ला (ईयर टैग) पशु के कान में लगाया जाता है, फिर पशु का विवरण जैसे – पशु प्रजाति, नस्ल, उम्र, ब्यात संख्या, दुग्ध उत्पादक स्थिति, अन्तिम ब्याने की तिथि, गर्भ स्तर एवं पशुमालिक का विवरण जैसे – नाम, पिता/पति का नाम, उम्र, ग्राम, ग्राम संस्थान, तहसील, जिला, राज्य, धारित भूमि, दुधारू पशु संख्या की जानकारी इनाफ सॉफ्टवेयर में इन्द्राज कर सुरक्षित की जाती है।

4. **पशु के पोषण स्तर का मूल्यांकन एवं न्यूनतम मूल्य आहार का निरूपण :** एल.आर.पी. पंजीकृत पशु के दैनिक ग्रहित आहार, शरीर वजन, दुग्ध उत्पादन एवं वसा प्रतिशत का मूल्यांकन करता है। वह इस जानकारी को इनाफ सॉफ्टवेयर में इन्द्राज करता है तथा पशु की आवश्यकता टी.डी.एन., क्रूड प्रोटीन, कैल्शियम व फॉस्फोरस के संदर्भ में ज्ञात करता है एवं वर्तमान खाद्यों में उपलब्ध पोषक तत्वों का मूल्यांकन करता है। वह पशु मालिक से अन्तर व प्रति लीटर लागत की चर्चा करता है। उपलब्ध खाद्य स्त्रोतों जिनका पशु मालिक द्वारा प्रबन्ध किया जा सकता है, पर आधारित न्यूनतम लागत वाले आहार का एल.आर.पी. द्वारा निरूपण किया जाता है जिससे तय सीमाओं में पशु की खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकें।

5. **पुर्नसलाह :** पूर्व में दी गई सलाह से 22 वें दिन से 35 वें दिन के अन्तराल पर पशु की ब्यांत अवधि दुग्ध उत्पादन में परिवर्तन, शारीरिक स्थिति व खाद्य उपलब्धता के कारण पशु की बदली हुई खाद्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, एल.आर.पी. द्वारा नई सलाह तैयार की जाती है।
आर.बी.पी. के अर्न्तगत 1 लाख से अधिक पशुओं को पंजीकृत किया जा चुका है, जिससे 1856 ग्रामों के 85,141 उत्पादक सदस्य लाभान्वित हो रहे है।

मुख्य परिणाम सचेतक	**मार्च 2016 तक उपलब्धि**
प्रशिक्षित एल.आर.पी. की तैनाती (संख्या)	1034
आर.बी.पी. के अन्तर्गत आच्छादित ग्राम	1856
आर.बी.पी. के अंतर्गत पंजीकृत पशु (संख्या)	100862
आर.बी.पी. के तहत कृषक (संख्या)	85141
सम्मिलित पशुओं में आहार लागत प्रतिशत में आई कमी	6.35%

"संतुलित पशु आहार के विषय में प्रशिक्षण देते हुए।"

कृत्रिम गर्भाधान

कृत्रिम गर्भाधान के अर्न्तगत मानक संचालन प्रक्रिया अपनाकर एक भँली–भाँति प्रशिक्षित, योग्य कृत्रिम गर्भाधान कर्ता द्वारा किसान के घर पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ कृत्रिम गर्भाधान सेवाएँ पहुँचाना है। जिसका उद्देश्य उच्च अनुवांशिकी गुणवत्ता का उपयोग कर दुधारू पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि करने, दुग्ध उत्पादन की लागत में कमी करने और दुग्ध उत्पादकों की आय में वृद्धि कराना है।

मॉडल के उद्देश्य :

★ उच्च आनुवांशिकी वीर्य का उपयोग कर ज्यादा दूध देने वाली नस्ल पैदा कराने के लिए किसान के द्वार पर गुणवत्ता प्रधान कृत्रिम गर्भाधान सेवाएँ प्रदान करना।

★ गर्भाधान दर में सुधार, अंतर प्रजनन अंतराल को कम करने और पशुओं के उत्पादक जीवन में वृद्धि कराने के ध्येय से मानक संचालन प्रक्रिया अपनाते हुए प्रशिक्षित कृत्रिम गर्भाधान कर्ता द्वारा सेवा प्रदान करना। पशु बांझपन प्रबन्धन के माध्यम से क्षेत्र में पशु बांझपन समस्याओं को कम करना।

★ पशु प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा करके पशु स्वास्थ्य, पशु प्रजनन और पशु पोषण के सम्बन्ध में

★ उत्पादकों को सलाहकार सेवाएँ प्रदान करना। पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान व प्रजनन से सम्बन्धित सभी घटनाओं की मूलभूत सूचनाएँ इनाफ (INAPH)

★ साफ्टवेयर में दर्ज कराना ताकि सांडो के गुणात्मक प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जा सके।

मोबाइल कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (मेट) :

सहज अपने परियोजना क्षेत्र में योग्य प्रशिक्षण प्राप्त मेट को गाय व भैंस में कृत्रिम गर्भाधान करने हेतु तैनात करते है। जिससे पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलती है। ग्राम स्तर पर कम्पनी शिक्षित ग्रामीण युवाओं को चयनित कर उन्हें एन.डी.डी.बी. के प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षित कर 6 से 8 गाँवों का क्षेत्र देती है। कम्पनी द्वारा पशुपालक बैठक/कृ.ग. केन्द्रों का उद्‌घाटन समारोह प्रचार–प्रसार सामग्री का उपयोग कर उत्पादकों को जागरूक किया जाता है। पशुपालक बैठक के दौरान मेट की पहचान कराई जाती है।

कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन का इनाफ प्रशिक्षण कार्यक्रम

मेट के कार्य :

★ कुशल और योग्य कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (मेट) को 'ए'' ग्रेड वीर्य स्टेशनों से उच्च अनुवांशिकी वीर्य की उपलब्धता के साथ किसान की दहलीज पर उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण कृत्रिम गर्भाधान सेवाएँ उपलब्ध कराना।

★ सहज, मेट को पोर्टेबल कृत्रिम गर्भाधान किट प्रदान करती है, ताकि मेट आसानी से कृत्रिम गर्भाधान करने के लिए मोटर साइकिल पर एक जगह से दूसरी जगह ले जा सके।

- ★ सभी कृत्रिम गर्भाधान किये हुए पशुओं के कान पर टैग लगाना ताकि उसकी पहचान की जा सके, भविष्य के घटनाक्रम को दर्ज किया जा सके।
- ★ दुग्ध उत्पादक के यहाँ पहुँचने पर पशु को उत्तेजना के लक्षण की पहचान करना।
- ★ अगर पशु उत्तेजना में है, किसान को सांड निर्देशिका दिखाना ताकि सांड का चयन कृ.ग. के लिए किया जा सके।
- ★ मेट, स्ट्रा को कन्टेनर से निकालने के बाद 37^{0}C पानी की ट्रे में 30 सेकण्ड के लिए रखना होता है।
- ★ 21 दिनों के पश्चात् गर्भाधान किए गए पशुओं का पुनरीक्षण करना है (पशु उत्तेजना के लिए)
- ★ 3 माह पश्चात् पशुओं का गर्भ जाँच करना।
- ★ मेट लिए गये शुल्क की एक रसीद प्रदान करता है जिसमें पशुमालिक, गर्भाधान किये पशु की जानकारी दर्ज रहती है।
- ★ उपरोक्त सभी जानकारी मेट डायरी में दर्ज करना है।
- ★ गर्भावस्था निदान, पशु ब्याहने के बाद बछड़े को टैग लगाने के लिए इनाफ की मदद लेना।

कृत्रिम गर्भाधान अधिकारी :

कृत्रिम गर्भाधान अधिकारी के आधीन 20 मेट कार्य करते है। इसकी जिम्मेदारी किसानों की बैठक, फिल्म शो का आयोजन करके कम्पनी की सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना है। इनाफ डेटा का सत्यापन करना। एस.ओ.पी. को अनिवार्य रूप से लागू कराना। राज्य की पशु प्रजनन नीति को अनिवार्य रूप से लागू कराना।

कृत्रिम गर्भाधान अधिकारी के कार्य :

- ★ इनाफ डेटा एवं गर्भावस्था जाँच का सत्यापन करना।
- ★ सीमेन स्ट्रा का माह के पश्चात् सत्यापन करना।
- ★ दैनिक मेट डायरी भराना सुनिश्चित करना।
- ★ कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र की साफ–सफाई सजावट सुनिश्चित करना।
- ★ हर दिन इनाफ में कृत्रिम गर्भाधान निदान, ब्याहने का परिणाम दर्ज करना।

पशु चिकित्सा अधिशासी के कार्य :

- ★ कृत्रिम गर्भाधान अधिकारी को तकनीकी सहायता के लिए सहयोग कराना है।
- ★ परिक्षेत्र में बांझपन शिविर आयोजन के माध्यम से किसानों को बांझपन निवारण सेवाएँ प्रदान कराना है।
- ★ मेट का चयन करना।
- ★ कड़ाई से मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का पालन कराना।
- ★ प्रजनन नीति का पालन सुनिश्चित करना।
- ★ कृत्रिम गर्भाधान व गर्भावस्था जाँच की पुनः जाँच करना।
- ★ किसान बैठक/कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र के उद्घाटन समारोह का आयोजन करना।
- ★ कृत्रिम गर्भाधान में पैदा हुए बछडों की रैली का आयोजन कराना।
- ★ गर्भाधान दर का आकलन करना।

- ★ कृत्रिम गर्भाधान अधिकारी के कार्यों का पुनः सत्यापन करना।
- ★ जहाँ पर गर्भाधान दर कम है, जो मेट छोड़कर जा रहें है उन केन्द्रों के सीमेन (वीर्य) को सूक्ष्मदर्शी यन्त्र के
- ★ माध्यम से जाँच सुनिश्चित करना।

प्रजनन विशेषज्ञ :

सहज ने चार प्रजनन विशेषज्ञों को 10 जिलों में कृत्रिम गर्भाधान की सेवाएँ सुचारू एवं प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए प्रतिबद्ध किया है।

प्रजनन विशेषज्ञों के कार्य :

- ★ अपने कार्यक्षेत्रों में पशु प्रजनन सेवाओं को लागू कराने के लिए जवाब देह होना।
- ★ तरल नत्रजन एवं (सीमेन) वीर्य का समय पर वितरण सुनिश्चित कराना।
- ★ सांड के प्रदर्शन पर सीमेन स्टेशन को प्रतिक्रिया देना।
- ★ संतान परीक्षण परियोजनाओं और इस तरह के अन्य तकनीकी सहयोग परियोजना के साथ समन्वय स्थापित कराना।
- ★ मादा संततियों की वंशावली प्रमाण–पत्र की व्यवस्था कराना।
- ★ लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित कराना।
- ★ प्रशिक्षण केन्द्रों पर जाकर प्रशिक्षण व्यवस्था का जायजा लेकर प्रतिक्रिया देना।

मूल उपलब्धि संकेतक (2015–16)

क्र.सं.	कार्यक्रम का नाम	सहभागियों की संख्या
1	मेट परिनियोजन	247
2	आच्छादित गाँवों की संख्या	2076
3	कृत्रिम गर्भाधान	38774
4	गर्भाधान दर (%)	39*

* कृत्रिम गर्भाधान के आधार पर 60 प्रतिशत पशुओं का गर्भ परीक्षण किया गया।

कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र के उद्घाटन के अवसर पर मेट को किट प्रदान करते हुए।

कृत्रिम गर्भाधान हेतु प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास कार्यक्रम

प्रशिक्षण विवरण :

क्र.सं.	कार्यक्रम विवरण	प्रशिक्षण कर्ता	समूह संख्या	सहभागियों की संख्या
1	मूलभूत कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण	मेट	16	273
2	क्षेत्र प्रशिक्षण	प्रजनन मेट	14	239
3	पशु चिकित्सा अधिशासी प्रशिक्षण	प्रजनन विशेषज्ञ पशु चिकित्सा अधिशासी	1	3
4	इनाफ प्रशिक्षण	मेट	13	249
	कुल योग		44	764

कृत्रिम गर्भाधान के विषय में प्रशिक्षण देते हुए।

45 दिवसीय कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम

उत्पादक संस्था निर्माण (पी.आई.बी.)

किसी भी संस्था का सफल होना उसमें कार्यरत कर्मियों की जानकारी (ज्ञान), अनुभव, टीम भावना, सकरात्मक सोच एवं कार्य के प्रति रूचि पर निर्भर करती है। उत्पादक संस्था निर्माण विभाग (पी.आई.बी.) द्वारा संस्था के सिद्धान्तों एवं लक्ष्यों को ध्यान में रखकर निर्धारित लक्ष्यों को हासिल किया गया है। उत्पादक कम्पनी में अलग–अलग स्तर पर साझेदार होते है जिनके लिये अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही संस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से और भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

1. **सदस्य निबन्धीकरण :** वर्ष 2015–16 के दौरान हमारी उत्साहित एवं प्रेरित टीम ने अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादकों को पंजीकृत करने का प्रयास किया जिसका परिणाम यह हुआ कि कुल 35872 दुग्ध उत्पादकों ने स्थाई तथा 15603 दुग्ध उत्पादकों ने अस्थाई रूप में सदस्यता ग्रहण किया। इसका यह नतीजा निकला कि 31 मार्च, 2016 को सदस्यों की संख्या 44999 से बढ़कर 60602 हो गई। ग्रामीण महिलायें जो पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन की रीढ़ समझी जाती है। उनकी संख्या भी 9695 (मार्च 15) से बढ़कर मार्च 2016 में 14538 हो गई।

   सदस्यों ने कम्पनी के प्रति विशेष रूचि दिखाते हुये 31 मार्च, 2016 तक कुल रू. 8.98 करोड़ की धनराशि कम्पनी में जमा किया।

2. **जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन :** ग्रामीणजन के ज्ञानवर्धन, कार्यकुशलता एवं सोच में सकरात्मक परिवर्तन लाने के लिये विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत उत्पादक जागरूकता कार्यक्रम, महिला जागरूकता कार्यक्रम गुणवत्ता एवं स्वच्छ दुग्ध उत्पादन कार्यक्रम ग्रामीण युवा जागरूकता कार्यक्रम एवं ग्रामीण स्कूल बच्चों हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

वर्ष 2015–16 के अन्तर्गत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का विवरण

क्र.सं.	कार्यक्रम का नाम	कार्यक्रम की संख्या	सहभागियों की संख्या
1	सदस्य जागरूकता कार्यक्रम	2126	75649
2	महिला जागरूकता कार्यक्रम	1174	31530
3	गुणवत्ता एवं स्वच्छ दुग्ध उत्पादन कार्यक्रम	1509	50417
4	ग्रामीण युवा जागरूकता कार्यक्रम	96	3640
5	ग्रामीण विद्यार्थियों हेतु जागरूकता कार्यक्रम	104	4272
6	नेतृत्व विकास कार्यक्रम	02	40
7	प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम	03	65
8	व्यापार उन्मुखी कार्यक्रम	01	22
9	वार्षिक उन्मुखी कार्यक्रम	01	22

3. **सदस्य सम्बन्ध सशक्तिकरण :** सहज दुग्ध उत्पादक कम्पनी बहुत बड़े सदस्यों के आधार वाली कम्पनी है। इस बात को ध्यान में रखकर सदस्यों एवं कम्पनी के बीच एक सुदृढ़ संवाद तन्त्र के विकास हेतु ग्रामीण स्तर पर अनौपचारिक रूप से दो समूहों का गठन किया गया है। एम.पी.पी. स्तर पर ग्राम सम्पर्क समूह (वी.सी.जी.) तथा दुग्ध मार्ग स्तर पर सदस्य सम्बन्ध समूह (एम.आर.जी.) का गठन किया गया है। ये समूह सदस्यों तथा कम्पनी के बीच दो तरफा संवाद हेतु एक मजबूत तन्त्र के रूप में कार्य करते है। वर्ष 2015–16 में 7575 सदस्यों के साथ 1990 ग्राम सम्पर्क समूह एवं सदस्य सम्बन्ध समूह का गठन किया गया। सदस्य सम्बन्ध समूह उन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 1990 सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया जो दुग्ध उत्पादकों के बीच में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते है। दूसरे कदम के तौर पर कम्पनी ने सदस्यों एवं अपने बीच और भी बेहतर तरीके से संवाद को कायम करने के लिये एक शिकायत निवारण अधिकारी की नियुक्ति की है जो शिकायतों का निवारण क्रमबद्ध तरीके से यथाशीघ्र करने का प्रयास करता है।

महिला जागरुकता कार्यक्रम

4. **निदेशक मण्डल प्रदर्शन भ्रमण :** डेयरी क्षेत्र में आधुनिक विकसित तकनीक की कार्य विधि एवं कार्यप्रणाली को व्यवहार में लाने के उद्देश्य से निदेशक मण्डल के लिए भ्रमण का कार्यक्रम पशु प्रजनन केन्द्र सलोन, रायबरेली तथा राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल में आयोजित किया गया।

5. **बैंक खाते द्वारा भुगतान :** सहज दुग्ध उत्पादक कम्पनी सदस्यों के बीच पारदर्शिता को बनाये रखने के लिये उनका भुगतान बैंक खातों के माध्यम से ही करना चाहती है तथा उन्हें बिचौलिये से बचाना चाहती है। परिणाम स्वरूप आज 37574 सदस्य अपने दूध का भुगतान अपने खाते के माध्यम से ही ले रहे है।

निदेशक मण्डल पशुधन अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण करते हुए।

विश्वास के निर्माण में गुणवत्ता का सहयोग

***"सहज में गुणवत्ता मानकों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाता है।
पूर्व निर्धारित गुणवत्ता मानकों को प्राप्त करने के लिए तकनीकी टीम लगातार प्रयास करती है।"***

गुणवत्ता ने हमारी कंपनी के विकास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बाजार में हमारे नेतृत्व को बनाये रखने एवं उसका विस्तार करने के साथ ही उच्च गुणवत्ता वाले दूध एवं दुग्ध उत्पादों की बढ़ती हुई माँग को पूरा करने हेतु सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड का गुणवत्ता आश्वासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस आशय की पूर्ति हेतु कंपनी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपने दूध एवं दुग्ध उत्पादों में निरन्तर सुधार एवं उनकी गुणवत्ता एवं सुरक्षा को और बेहतर बनाने हेतु हमेशा प्रतिबद्ध है।

हमारे उच्च प्रशिक्षित टीमें सभी प्रासंगिक गुणवत्ता, खाद्य सुरक्षा और नियामक आवश्यकताओं के मानदंडों को पूरा करने में समर्थ है। गुणवत्ता मानकों को मजबूत करने के लिये उपभोक्ताओं को अच्छा गुणवत्ता का दूध और दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के लिये निरन्तर सुधार के लिये भविष्य की योजनाओं के लिये सहज ने लैब प्रभारी को प्रशिक्षण दिया है। साथ ही साथ लैब सहायक को भी प्रशिक्षण दिया गयाा है। दूध की गुणवत्ता को निरन्तर बनाये रखने के लिये स्वच्छ आचरण वाली प्रयोगशाला का भी निर्माण किया गया है।

दुग्ध गुणवत्ता की जाँच करते हुए

सहज कंपनी के उत्पाद

दुग्ध और दुग्ध से बने उत्पाद – सहज के विभिन्न उत्पादों का प्रक्षेपण वित्त वर्ष 2016–17 की दूसरी तिमाही में हुआ है। सहज का दूध चार विभिन्न श्रेणियों में बाजार में विक्रय हेतु, उपलब्ध करवाया गया और सहज में अन्य दुग्ध उत्पाद जैसे– छाछ एवं घी का भी विक्रय प्रारम्भ कर दिया गया है। सहज द्वारा निर्मित दूध और दुग्ध उत्पाद की महत्वपूर्ण बात यह है कि सहज के दुग्ध उत्पादक सदस्यों द्वारा आपूर्तित किये गए दुग्ध से ही निर्मित किये जाते हैं।

पॉली पैक दुग्ध तथा उसकी विभिन्न श्रेणियों

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2016–17 की दो तिमाही आगरा एवं उत्तर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में पाली पैक दुग्ध का विभिन्न श्रेणियों में विक्रय प्रारम्भ किया है।

1. **सहज गोल्ड (फुल क्रीम दूध) :** प्रत्येक पैक में वसा की न्यूनतम मात्रा 6 प्रतिशत और वसा रहित ठोस की न्यूनतम मात्रा 9 प्रतिशत है।

2. **सहज ताजा (टोंड दूध) :** प्रत्येक पैक में वसा की न्यूनतम मात्रा 3 प्रतिशत और वसा रहित ठोस की न्यूनतम मात्रा 8.5 प्रतिशत है।

3. **सहज फिट एन फाइन (डबल टोंड दूध) :** प्रत्येक पैक में वसा की न्यूनतम मात्रा 1.5 प्रतिशत और वसा रहित ठोस कि न्यूनतम मात्रा 9 प्रतिशत है।

4. **सहज स्लिम एण्ड स्मार्ट (स्किम्ड मिल्क) :** प्रत्येक पैक में वसा की न्यूनतम मात्रा 0.5 प्रतिशत और वसा रहित ठोस की न्यूनतम मात्रा 8.7 प्रतिशत है।

सहज गोल्ड (फुल क्रीमी दूध)
सहज ताजा (टोंड मिल्क)
सहज फिट एण्ड फाइन (डबल टोंड मिल्क)
सहज स्लिम एण्ड स्मार्ट (स्किम्ड मिल्क)

सहज घी

घी सहज कंपनी का पहला डेयरी उत्पाद है जिसका जून 2016 में प्रक्षेपण हुआ है। सहज घी शुद्धता और ताजगी से पूरिपूर्ण, सहज घी ताजा और दानेदार है। उत्तर प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों द्वारा आपूर्ति किये गए दूध से ही सहज घी का उत्पादन किया जाता है। जिसकी सुगंध आप अपने प्रिय व्यजनों में उपयोग करते हुए महसूस कर सकते है। कंपनी के दुग्ध उत्पादकों से एकत्रित किया गया दुग्ध, कम से कम समय में प्रसंस्करण और संकलन केन्द्रों पर पैक होने के पश्चात् शीघ्र ही उपभोक्ता तक पहुँचता है।

सहज शुद्ध दानेदार घी

सहज छाछ/बटर मिल्क

सहज छाछ ताजा, पौष्टिक एवं घर में बनी जैसी होती है। गर्मी में प्यास बुझाने के साथ ही यह पाचन शक्ति को भी बड़ाती है। अनेक व्यंजनों जैसे कि कढ़ी आदि बनाने में भी इसे प्रयोग किया जा सकता है।

सहज छाछ/बटर मिल्क

पशु खाद्य उत्पाद

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी ने 'सहज सुदाना' ब्राण्ड नाम से बी.आई.एस–II (BIS-II) पशु आहार एवं 'सहज मिन' ब्राण्ड नाम से चिलेटिड क्षेत्र विशेष खनिज मिश्रण की बिक्री प्रारम्भ की है।

'सहज सुदाना' बी.आई.एस.–II विशेषताओं के साथ उपलब्ध है जो 12 लीटर दूध प्रति दिन तक उत्पादित करने वाले पशुओं के लिए सर्वाधिक उपयोगी है। इससे पशु के स्वास्थ्य, प्रतिरोधक क्षमता, दूध उत्पादकता, फैट व एस.एन.एफ. में सुधार होता है। विशिष्ट विवरण इस प्रकार है–

क्रमांक	अवयव	विशिष्ट विवरण बी.आई.एस.–II (%)
1.	नमी	11 (अधिकतम)
2.	क्रूड प्रोटीन	20 (न्यूनतम)
3.	क्रूड फाइबर	12 (अधिकतम)
4.	फैट	2.5 (न्यूनतम)
5.	ए.आई.ए.	4 (अधिकतम)
6.	कैल्शियम	0.8 (न्यूनतम)
7.	फॉस्फोरस	0.5 (न्यूनतम)
8.	यूरिया	1.0 (अधिकतम)

'सहज मिन' चिलेटिड पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र विशेष खनिज मिश्रण में उन खनिज तत्वों का समावेश है जिनकी पश्चिमी उ.प्र. की मृदा में कमी है। यह एक कार्बनिक चिलेटेड रूप है। सहज मिन पशुओं की प्रजनन क्षमता, दुग्ध गुणवत्ता, उत्पादन एवं प्रतिरोधक क्षमता में सुधार करता है तथा दो ब्यातों के अन्तराल, उत्पादन लागत को कम करता है। दुग्ध उत्पादक सहज सुदाना व सहज मिन सम्बन्धित एल.आर.पी. से ग्राम स्तर पर ही प्राप्त कर सकते है।

सहज मिन

सहज सुदाना

"सहज द्वारा किये गये दुग्ध उत्पादक जागरुकता कार्यक्रमों की एक झलक"

कुशल टीम द्वारा विश्वास निर्माण

आज के इस तेजी से बढ़ रहे प्रतिस्पर्धी माहौल में, किसी भी संगठन की सफलता अपने कर्मचारियों पर निर्भर करती है। बोर्ड, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रबंधकों, फील्ड स्टॉफ, श्रमिकों सभी को अपनी क्षमता और प्रतिबद्धता में अपने समकक्षों से अधिक होना चाहिए।

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी अपनी प्रारम्भिक अवस्था में है और कंपनी के विकास के लिए अत्यधिक कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है। सहज द्वारा उप परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन ज्ञान और कौशल में वृद्धि के लिए विभिन्न तकनीकी और कार्यात्मक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया गया है।

नीचे दी गई तालिका के अनुसार वर्ष में आयोजित किये गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सूची इस प्रकार है।:

क्रम.संख्या	प्रशिक्षण का नाम	प्रशिक्षित प्रतिभागियों की संख्या
1.	स्टाफ के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण	84
2.	प्रेरणा प्रशिक्षण स्टाफ के लिए	85
3.	टीम निर्माण और नेतृत्व विकास प्रशिक्षण	40

महिलाओं और छोटे दुग्ध उत्पादकों का सशक्तिकरण

कंपनी ने महिलाओं और छोटे किसानों के उन्नयन पर जोर दिया। कंपनी ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए और उन्हें स्वतंत्र बनाने के लिए निरन्तर प्रयास किए हैं। यह देखते हुए कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं पशुओं के रख रखाव के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, महिलाओं को डेयरी व्यवसाय में भाग लेने के लिए और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए तथा कंपनी के सदस्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

कंपनी का उद्देश्य केवल महिलाओ को सदस्य बनाने तक ही सीमिति नहीं है, अपितु कंपनी ने महिलाओं को कंपनी के प्रबंधकीय क्षेत्र में भी शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया है। सहज ने क्षेत्र स्तर पर क्षेत्र अधिकारी और पर्यवेक्षक के रूप में महिलाओं को नियुक्त किया है। गाँव आधारित दुग्ध उपार्जन प्रणाली (VBMPS) में महिला सदस्यों की एक बड़ी संख्या है।

छोटे किसानों से कम मात्रा में दुग्ध संग्रह का कंपनी के दुग्ध उपार्जन में एक बड़ा हिस्सा जुड़ता है। हजारों दुग्ध उत्पादकों से अर्जित किये गये एक–एक लीटर दूध ने, कंपनी संचालन के प्रारम्भिक दौर को तेजी से विकसित करने में एक अहम भूमिका निभाई है।

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी, ग्रामीण जनों को दुग्ध उत्पादकों के रूप में कंपनी से जोड़ कर तथा उन्हें नियमित रूप से उनके दुग्ध का भुगतान करके आजीविका कमाने का अवसर प्रदान कर रही है।

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

निदेशकों की रिपोर्ट

निदेशकों को आपके समक्ष मार्च 2016 तक अंकेक्षित विवरण के साथ कंपनी के संचालन सम्बन्धी तृतीय वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।

कंपनी का निगमन कंपनी अधिनियम, 1956 के भाग के IXA के प्रावधानों के अन्तर्गत एक उत्पादक कंपनी के रूप में 17अक्टूबर 2014 को उत्तर प्रदेश राज्य में दुग्ध उत्पादों का प्राथमिक तौर पर इसका सदस्यों से संग्रहण, क्रय तथा प्रसंसकरण करने एवं उनके विपणन तथा उससे सम्बन्धित सभी प्रकार के क्रियाओं हेतु किया गया था।

वित्तीय प्रदर्शन :

विवरण	31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिये (रूपये करोड़ में)	31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिये (रूपये करोड़ में)
परिचालन से राजस्व	490.65	158.70
माल की लागत सहित व्यय	475.29	151.79
कर पूर्व लाभ/हानि	15.36	6.90
कराधान के लिए प्रावधान	5.39	2.27
कर के बाद लाभ–हानि	9.96	4.63

हमें यह सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वित्तीय वर्ष के दौरान कम्पनी ने रू. 490.65 करोड़ रूपये के लक्ष्य को प्राप्त किया है जो कि अपने आप में एक रिकार्ड है।

कम्पनी का इस अवधि के दौरान कुल कारोबार रू. 490.65 करोड़, जो अन्य स्त्रोतों से अर्जित आय रू. 1.21 करोड़, कुल खर्च रू. 475.29 करोड़, अन्य खर्चों सहित रू. 444.29 करोड़ और वित्तीय खर्चे रू. 3.33 करोड़ और मूल्य ह्रास और परिशोधन खर्च रू. 4.19 करोड़ परिणाम स्वरूप कम्पनी का कर पूर्व लाभ (पी.बी.टी.) रू.15.36 करोड़ और कर के पश्चात् लाभ (पी.ए.टी.) रू. 9.96 करोड़ था।

सीमित आय (लाभांश)

कम्पनी के निदेशकों को सीमित आय (लाभांश) रू. 10/– प्रति समता अंश कुल रूपये 1.08 करोड़ (सीमित आय लाभांश कर रू. 0.18 करोड़ सहित) । सीमित आय (लाभांश) उन सदस्यों को दिया जायेगा, जिनका 31 मार्च, 2016 को सदस्यता रजिस्टर में पंजीकृत है।

सामान्य संचय में हस्तांतरण

कम्पनी अन्तर्नियम के प्रावधानों के अनुच्छेद 11.10 का अनुपालन एवं कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 581ZI के तहत निदेशक मण्डल ने रू. 8.89 करोड़ की राशि आर्थिक चिठ्ठा में सामान्य संचय में स्थानान्तरण करने का प्रस्ताव रखा है।

संचालन

कम्पनी उत्तर प्रदेश के दस जिलों में 2,661 दुग्ध संग्रह केन्द्रों और 366 दुग्ध अवशीतन केन्द्रों के माध्यम से कच्चे मिश्रित दूध का कारोबार करती है। वित्तीय वर्ष के दौरान कम्पनी ने 13.47 करोड़ किलोग्राम दूध का कारोबार किया। कम्पनी अपने सदस्यों को उनके दूध के प्रतिस्पर्धा मूल्य के भुगतान के प्रति अग्रसर है।

कम्पनी मदर डेरी फ्रूट एण्ड वेजीटेबल प्रा.लि. को भी थोक दूध की आपूर्ति करती है।

आपकी कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2016–17 की दूसरी तिमाही में उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं के दूध के उत्पादों की शुरूआत की है। कम्पनी का मानना है कि यहाँ पर दूध, दूध उत्पादों के व्यवसाय के लिए बहुत सम्भावनाएं है।

दूध एवं दूध उत्पाद

कम्पनी अपने उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता के दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध करवा रही है। कम्पनी के द्वारा वित्त वर्ष 2016–17 की दूसरी तिमाही में पोली पैक दूध, छाछ एवं घी का विक्रय निम्न पैकिंग में आगरा एवं उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में प्रारम्भ किया जा चुका है।

1. **सहज गोल्ड (पाश्चुरीकृत फुल क्रीम दूध)**
   6.0% वसा एवं 9.0% वसा रहित ठोस
   सहज गोल्ड अन्य प्रकार के दूध के मुकाबले वसा से भरपूर, गाढ़ा एवं मलाईदार है। सहज गोल्ड बढ़ते बच्चों की सेहत के लिए आवश्यक सभी जरूरी तत्वों से भरपूर है। अपनी मलाई एवं गाढ़ेपन की वजह से इसका उपयोग पनीर, घी, मिठाई एवं अन्य व्यंजनों को बनाने में किया जा सकता है।

2. **सहज ताजा (पाश्चुरीकृत टोंड दूध)**
   3.0% वसा एवं 8.5% वसा रहित ठोस
   सहज ताजा में सहज गोल्ड के मुकाबले कम वसा की मात्रा होती है। चाय, दही, मिठाई एवं अन्य व्यंजनों को बनाने हेतु इसकी मांग हर घर में रहती है।

3. **सहज फिट एन फाइन (पाश्चुरीकृत होमोजोनाइज्ड डबल टोंड दूध)**
1.5% वसा एवं 9.0% वसा रहित ठोस
सहज फिट एन फाइन बहुत हल्का एवं कम वसा से युक्त है और उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी है जो वसा से परहेज करते है ओर दूध पीने से बचते हैं। यह नन्हें बच्चों की कैल्शियम की जरूरतों को भी पूरा करता है। यह कॉफी और चाय बनाने के लिए बहुत उपयुक्त है क्योंकि इसके होमोजेनाइज्ड होने की वजह से यह चाय और कॉफी के स्वाद को बढ़ाता है।

4. **सहज स्लिम एण्ड स्मार्ट (पाश्चुरीकृत स्किम्ड दूध)**
0.5% वसा एवं 8.7% वसा रहित ठोस
सहज स्लिम एन्ड स्मार्ट मुख्य रूप से उन लोगों के लिए बनाया गया है जो कि वसा के अतिरिक्त दूध के बाकी सभी पौष्टिक तत्व प्राप्त करना चाहते हैं। इसका इस्तेमाल चाय एवं कॉफी बनाने में भी किया जा सकता है।

5. **सहज घी**

सहज घी शुद्ध, ताजा एवं दानेदार है। उत्तर प्रदेश की ब्रजभूमि के क्षेत्र के ताजे व शुद्ध दूध से बना हुआ सहज घी आपके व्यवंजनों एवं खाने की गुणवत्ता, महक व स्वाद को बढ़ाता है।

6. **सहज छाछ/बटर मिल्क**

सहज छाछ ताजा, पौष्टिक एवं घर में बनी जैसी होती है। गर्मी में प्यास बुझाने के साथ ही यह पाचन शक्ति को भी बड़ाती है। अनेक व्यंजनों जैसे कि कढ़ी आदि बनाने में भी इसे प्रयोग किया जा सकता है।

<u>सहज ब्राण्ड के अन्तर्गत अन्य उत्पाद</u>

1. **सहज सुदाना**

कम्पनी अपने उत्पादक सदस्यों को अपने ''सहज सुदाना'' ब्राण्ड के अन्तर्गत प्रतिर्स्पधात्मक मूल्य पर संतुलित पशु आहार उपलब्ध करवा रही है। वर्तमान में सहज सुदाना पशु आहार उत्पादक सदस्यों के द्वारा अपने पशुओं की उत्पादकता और उच्च गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है।

2. **क्षेत्र विशेष खजिन मिश्रण**

कम्पनी ने ''सहज मिन'' ब्राण्ड के अन्तर्गत चिलेटेड पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र विशेष खनिज मिश्रण का विपणन प्रारम्भ किया है। जिसमें उत्तर प्रदेश पश्चिम की मृदा में जिन तत्वों का आभाव है, उन्हीं को ,

सम्मिलित किया गया है। कॉपर, मैग्नीशियम एवं क्रोमियम की आधी मात्रा को कार्बनिक चिलेटेड के रूप में मिलाया गया है। जिससे कि इन तत्वों की जैव उपलब्धता को बढ़ाया जा सके। सहज मिन का फार्मूला राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मृदा से तत्वों की उपलब्धता पर आधारित है। अतः कम्पनी उचित मूल्य पर पशुओं के लिए जिन तत्वों का आभाव है कि उपलब्धता सुनिश्चित करती है।

उत्पादक संस्था निर्माण

विगत वर्ष के दौरान उत्पादक संस्था निर्माण विभाग (पी.आई.बी.) द्वारा पूरा ध्यान उत्पादकों के कार्य एवं जिम्मेदारियों तथा कम्पनी की विभिन्न गतिविधियों और योजनाओं पर केन्द्रित था। इन बातों को ध्यान में रखते हुए कम्पनी के सदस्यों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उ.प्र. के कुल 10 जिलों में किया। जिसमें 1,65,554 लोगों ने हिस्सा लिया। स्वच्छ दुग्ध उत्पादन जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 50,417 दुग्ध उत्पादक एवं महिला जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 31530 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। महिला जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को विशेष रूप से उनके कार्य, जिम्मेदारियाँ एवं डेयरी क्षेत्र में उनकी सहभागिता और कम्पनी संचालन एवं अभिशासन विषय पर जागरूक किया गया।

सहज दुग्ध उत्पादक कम्पनी एक स्तरीय संरचना वाली कम्पनी है तथा बहुत बड़े उत्पादक सदस्यों वाली कम्पनी है। इसलिये कम्पनी एवं सदस्यों के बीच उपयुक्त संवाद बनाये रखने के लिये एक बहुत ही मजबूत एवं प्रभावशाली संवाद तन्त्र की आवश्यकता है। इसी बात को ध्यान में रखकर ग्राम स्तर पर 7,575 सदस्यों को ग्राम सम्पर्क समूह के रूप में तथा 1,990 सदस्यों को सदस्य सम्बन्ध समूह के लिए चयनित एवं प्रशिक्षित किया गया। सदस्य सम्बन्ध समूह के लिये चयनित सदस्यों को प्रशिक्षित करने हेतु कुल 262 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त 3,640 ग्रामीण युवकों को डेयरी व्यवसाय के महत्व एवं आजीविका के रूप में अपनाने के लिये प्रोत्साहित एवं प्रशिक्षित किया गया। ग्रामीण स्कूल के कुल 4,318 विद्यार्थियों को डेयरी क्षेत्र की जानकारी दी गई तथा साथ ही साथ ही साथ दूध एवं दुग्ध उत्पादन के महत्व के प्रति विशेष रूप से जागृत किया गया और कम्पनी द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

निदेशक मण्डल को डेयरी क्षेत्र के विकास एवं विभिन्न क्रिया कलापों की वृहद जानकारी उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से पशु प्रजनन केन्द्र सलोन, रायबरेली, एवं राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल जो देश के विभिन्न भागों में किसानों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में संलग्न है, के भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उप–परियोजना

कम्पनी ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एन.डी.डी.बी.) द्वारा संचालित राष्ट्रीय डेयरी योजना प्रथम चरण के अन्तर्गत परियोजना प्रबन्धन इकाई को निम्नलिखित तीन उप परियोजनाओं का प्रस्ताव दिया था।

1. ग्राम आधारित दूध उपार्जन पद्धति
2. आहार संतुलन कार्यक्रम
3. कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम

राष्ट्रीय डेयरी योजना प्रथम चरण के अन्तर्गत राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की परियोजना प्रबन्धन इकाई द्वारा उपरोक्त सभी उप–परियोजनाओं को स्वीकृति और अनुदान प्रदान किया गया। कम्पनी के द्वारा सभी परियोजनाओं को उत्तर प्रदेश के दस जिलों आगरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, एटा, ईटावा, मैनपुरी, मुरादाबाद, बदाँयू और जे.पी.नगर में क्रियान्वित किया गया है।

ग्राम आधारित दुग्ध उपार्जन प्रणाली :

ग्राम आधारित दुग्ध उपार्जन प्रणाली का मुख्य उद्देश्य कंपनी के विभिन्न हित धारकों की क्षमता का विकास, जागरूकता, प्रशिक्षणों एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से कंपनी को मजबूत करना है। इसका उद्देश्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी खरीद प्रणाली और सही समय पर सदस्यों का भुगतान सुनिश्चित करना है। ग्राम आधारित दुग्ध खरीद प्रणाली के माध्यम से छोटे किसानों को संगठित कर डेयरी के माध्यम से पूरे साल उनको बाजार उपलब्ध कराना है। जिससे उनके दूध की बिक्री सुनिश्चित हो सके।

पिछले वर्ष कंपनी ने 2,661 दूध संग्रह बनाये और कंपनी ने 3.68 लाख किलोग्राम दूध प्रतिदिन एकत्रित किया। कंपनी ने 1,610 सहायकों को प्रशिक्षण दिया, इसके अतिरिक्त गाँव स्तर पर क्षेत्र प्रभारी, पी.आई.बी. अधिकारी तथा सुपरवाइजर के द्वारा भी मीटिंग लेकर दुग्ध उत्पादकों को कंपनी के बारे में अवगत कराया गया। सभी एम.सी.सी. स्टाफ, फील्ड स्टाफ, सहायकों व अन्य स्टाफ को गुणवत्ता– आश्वासन, संचालन एवं रखरखाव, टीम बिल्डिंग और नेतृत्व, कौशल विकास पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है।

आहार संतुलन कार्यक्रम :

आहार संतुलन कार्यक्रम एक परामर्श सेवा है जिसके तहत पशुपालक को उपलब्ध पशु खाद्य व चारों के समुचित उपयोग हेतु इनाफ (INAPH) सॉफ्टवेयर के प्रयोग से स्थानीय संसाधक व्यक्ति द्वारा वैज्ञानिक सलाह दी जाती है जिससे क्षेत्र विशेष खनिज मिश्रण का उपयोग करते हुए दुधारू पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि हो, स्वास्थ्य में सुधार हो एवं दुग्ध उत्पादन की लागत घटे तथा पशुपालक की आमदनी में वृद्धि हो।

आहार संतुलन कार्यक्रम का उद्देश्य पशुओं के उत्पादन, स्वास्थ्य व प्रजनन को तकनीकी की निवेश व सेवाओं के साथ पशु खाद्य की वैज्ञानिक विधियों के माध्यम से बेहतर बनाना है। दुग्ध उत्पादन व्यवसाय को लाभकारी बनाने एवं दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृद्धि के ध्येय से यह सेवाएँ उत्पादक के घर पर दी जा रही है।

एल.आर.पी. को इनाफ सॉफ्टवेयर के साथ नेट बुक व इण्टरनेट कनेक्शन से सुसज्जित किया गया है, जिससे वह किसान के घर पर ही आहार संतुलन सलाह तैयार कर सकें। एक एल.आर.पी. कार्यक्रम को दो ग्रामों में लागू करेगा तथा लगभग 120 पशुओं हेतु किसान के घर पर ही आहार संतुलन सलाह सेवाएँ एवं खनिज मिश्रण उपलब्ध करायेगा। एल.आर.पी. को पशुपालन की आधारभूत जानकारियों, किसानों से संवाद, इनाफ सॉफ्टवेयर आदि विभिन्न क्रियाओं में प्रशिक्षित किया गया है। इसकी मदद से एल.आर.पी. दुग्ध उत्पादक किसानों को बेहतर सेवाएँ दे रहे है। ग्राम जागरूकता सभाओं के दौरान एल.आर.पी. का परिचय कराया जाता है। जागरूकता अभियान के एक हिस्से के रूप में ग्राम में टिन साइनेज व पोस्टर्स आदि लगाये जाते है।

पिछले वर्ष कंपनी ने आहार संतुलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 1,856 गाँवों में अपनी सुविधाएं प्रदान की। जिसके अनुसार कंपनी ने 85,141 किसानों/सदस्यों के 1,00,862 पशुओं का रजिस्ट्रेशन किया।

कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम :

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी दुधारू पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि करने, दुग्ध उत्पादन की लागत खर्च में कमी लाने और दुग्ध उत्पादकों की आय में वृद्धि के लिए दुग्ध उत्पादकों तक उच्च अनुवांशिकी वीर्य का उपयोग कर उच्च प्रशिक्षित योग्य तकनीशियन के द्वारा मानक संचालन प्रक्रियाओं (SOP) को अपनाकर उनके घर की दहलीज तक गुणवत्ता प्रधान कृत्रिम गर्भाधान सेवाऐं पहुँचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय डेरी योजना–1 के अन्तर्गत एक उप परियोजना – कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं का कार्यान्वयन कर रही है।

सहज स्थानीय युवाओं को चयनित कर तथा उन्हें एन.डी.डी.बी. के मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केन्द्रों में कृत्रिम गर्भाधान की मानक संचालन प्रक्रियाओं (SOP) का कड़ा प्रशिक्षण प्रदान करवाती है। कृत्रिम गर्भाधान की सेवा प्रदान करते समय स्वच्छता के महत्व के अतिरिक्त अनिवार्य रूप से पहचान हेतु इयर टेगिंग करना, पुनः उत्तेजित होने पर गर्भाधान के 21 दिनों के बाद पुनः कृत्रिम गर्भाधान करना, 90 दिनों के बाद गर्भावस्था जाँच कार्यवाही को पूरी करते हुए बछड़े का जन्म करवाना एवं इनाफ में दर्ज करना जैसे – प्रशिक्षण करवाये जाते है। प्रशिक्षण के उपरान्त तकनीशियन को कार्यक्षेत्र में भेजकर पर्याप्त अनुभव प्रदान करवाया जाता है, तथा उसके बाद उन्हें आवश्यक उपकरण प्रदान किये जाते है।

कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण के उपरान्त तकनीशियन को समुचित सामग्री के साथ कार्यक्षेत्र में तैनात किया जाता है। जो पशुपालकों को गुणवत्तायुक्त कृत्रिम गर्भाधान सेवाएँ उनके दरवाजे पर उपलब्ध कराते है। 20 तकनीशियन के ऊपर एक कृत्रिम गर्भाधान अधिकारी नियुक्त किया जाता है, तथा 3 कृत्रिम गर्भाधान अधिकारी के ऊपर एक पशु चिकित्सा अधिशासी एवं 3 से 4 पशु चिकित्सा अधिशासी के ऊपर एक प्रजनन विशेषज्ञ और 4 प्रजनन विशेषज्ञ के ऊपर मुख्यालय स्तर पर एक प्रबन्धक प्रजनन सेवाएँ की नियुक्ति होती है, जो पूरी परियोजना के सुचारू रूप से संचालन एवं उपलब्धियों के लिए जिम्मेदार होता है।

पिछले वर्ष सहज ने 2,076 गाँवों में 247 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों की मदद से 38,776 पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान किये गये।

गुणवत्ता आश्वासन

गुणवत्ता ने हमारी कंपनी के विकास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, हमारे सभी दुग्ध अवशीतन केन्द्र, दूध की रासायनिक एवं जैविक गुणवत्ता की जाँच करने के साथ ही किसी भी प्रकार की मिलावट की जाँच करने हेतु पूर्ण रूप से विकसित एवं सुसज्जित है। हमारे यहाँ पर प्राप्त होने वाले अथवा हमारे यहाँ से प्रेषित होने वाले दूध की जाँच के लिए हमने हमारे सभी दुग्ध अवशीतन केन्द्रों पर सोडियम मीटर, डिजिटल बी.आर.मीटर, इलेक्ट्रोनिक दुग्ध विश्लेषक, रैमी सेंट्रीफ्यूज, सोडियम मीटर, आर.एम. परीक्षण सुविधा जैसे अत्याधुनिक एवं उच्च विश्लेषणात्मक उपकरणों की व्यवस्था की है।

हमारे दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु हमने दुग्ध व्यवसाय से सम्बन्धित विभिन्न गुणवत्ता नियंत्रण/आश्वासन प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं जैसे कि दुग्ध अवशीतन केन्द्र पर प्राप्त होने वाले कच्चे दूध की गुणवत्ता (एम.बी.आर.टी) में लगातार सुधार हेतु प्रोत्साहन योजना, विभिन्न नियमों (खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, लीगल मेट्रोलोजी अधिनियम, अच्छी उत्पादन कार्यप्रणाली, अच्छी स्वच्छता प्रणाली आदि) के कठोर अनुपालन आदि को हमारी दुग्ध आपूर्ति श्रृंखला के प्रत्येक चरण में प्रभावी रूप से लागू किया है।

हमारी उच्च प्रशिक्षित टीम सभी प्रासंगिक गुणवत्ता, खाद्य सुरक्षा और नियामक आवश्यकताओं के मानदंडों को पूरा करने में समर्थ है। हमारे दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता में गिरावट से बचने के लिए एवं निरन्तर सुधार की हमारी भविष्य की योजना के तहत अपने उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद प्रदान करने हेतु हम हमारे प्रयोगशाला प्रभारियों/कैमिस्टों/गुणवत्ता कर्मियों को समय–समय पर प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हम उन्हें दुग्ध परीक्षण प्रक्रियाओं, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियक के मानदंडों, स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा, अच्छी उत्पादन कार्यप्रणाली, स्वच्छ दूध उत्पादन, सी.आई.पी., अच्छी प्रयोगशाला प्रथाओं आदि के विषय में सम्पूर्ण जानकारी देते है।

बाजार में प्रदाय किये जाने वाले दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने एक कड़ा गुणवत्ता तंत्र विकसित किया है एवं कंपनी अपने उत्पादों की अच्छी गुणवत्ता बनाए रखने के लिए पूर्णतयाः आश्वस्त है।

निदेशक

श्री अजय कुमार खोसला की विशेषज्ञ निदेशक के रूप 4 मई 2015 से दो वर्ष के लिए नियुक्ति हुई है।

श्री सोमेन बिस्वास की विशेषज्ञ निदेशक के रूप में 4 नवम्बर, 2015 से दो वर्ष के लिए नियुक्ति हुई है।

श्री अनिल कुमार की 16 मार्च, 2016 से कम्पनी के अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्ति हुई है।

निदेशक मण्डल की संरचना और निदेशकों की पुनर्नियुक्ति

अनुच्छेद 9.6 (i) के अन्तर्गत कम्पनी कुल निर्वाचित निदेशकों में से एक चौथाई निदेशकों को अपनी वार्षिक आम सभा में बारी–बारी से सेवानिवृत्त करेगी और उनकी अनुच्छेद 9.5 के अन्तर्गत पुनः नियुक्ति करेगी।

इसके अलावा अनुच्छेद 9.5(i) के अन्तर्गत जहाँ तक सम्भव हो प्रत्येक वर्ग के सदस्यों के संरक्षण के आधार पर सदस्यों में से प्रतिनिधित्व करने वाले बोर्ड पर पदों की संख्या का निर्धारण सम्बन्धित वर्ग के अनुसार किया जायेगा। हालांकि कम्पनी के परिचालन के पहले तीन वर्षों के लिये बोर्ड द्वारा इस आवश्यकता को छूट दी गई है।

निम्नलिखित निदेशक जो चक्रीय क्रम से सेवानिवृत्त हो रहे है

श्री दिग्विजय सिंह इस आम बैठक में निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हो रहे है, और स्वयं को पुनः निदेशक के पद के उम्मीदवार के रूप में पुन निदेशक की नियुक्ति के लिए प्रस्तावित करते है। निदेशक मंडल इनकी नियुक्ति की सिफारिश करता है।

श्री चन्द्र पाल सिंह इस आम बैठक में निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हो रहे है, और स्वयं को पुनः निदेशक के पद के उम्मीदवार के रूप में पुन निदेशक की नियुक्ति के लिए प्रस्तावित करते है। निदेशक मंडल इनकी नियुक्ति की सिफारिश करता है।

श्री मुरारी लाल इस आम बैठक में निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हो रहे है, और स्वयं को पुनः निदेशक के पद के उम्मीदवार के रूप में पुन निदेशक की नियुक्ति के लिए प्रस्तावित करते है। निदेशक मंडल इनकी नियुक्ति की सिफारिश करता है।

प्रस्तावित नियुक्ति

श्री अनिल कुमार जिनकी नियुक्ति 16 मार्च, 2016 को अतिरिक्त निदेशक के रूप में हुई थी एवं जिनका कार्यकाल तृतीय वार्षिक साधारण सभा की तिथि तक है। निदेशक मंडल इनकी निदेशक के रूप में नियुक्ति की सदस्यों द्वारा अनुमोदन करने की अनुशंसा करता है।

निदेशकों के नाम एवं योग्यता की सूची नियुक्ति/पुनः नियुक्ति हेतु तीसरी वार्षिक आम सभा के नोटिस के साथ संलग्न है।

सदस्यता/वोट देने का अधिकार/अंश पूँजी

31 मार्च, 2016 को कम्पनी की प्रदत्त पूँजी रूपये 8.97 करोड़ थी, और 60,602 सदस्य थे जिनका नाम कम्पनी के अंशधारकों के रजिस्टर में अंकित था।

31 मार्च 2016 के पश्चात् कम्पनी में 9,478 नये सदस्यों को जोड़ा गया और 2,721 सदस्यों की सदस्यता मानदंडों को पूरा ना करने के कारण रद्द कर दी गई है। तत्पश्चात् इस रिपोर्ट की तारीख तक कम्पनी के कुल सदस्यों की संख्या 67,359 है और कम्पनी की कुल अंश पूँजी रूपये 9.68 करोड़ है।

वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति एवं मतदान अधिकार

तृतीय वार्षिक आम सभा में 60,602 सदस्यों में से कुल 16,783 सदस्यों के पास वोट का अधिकार है, जिन्होंने 200 दिन और 500 लीटर दूध पिछले वित्तीय वर्ष 2015–2016 में दिया है, और 43,819 सदस्यों ने मानदंडों को पूरा न करने के कारण अपना वोट देने का अधिकार खो दिया है।

31 मार्च, 2016 के पश्चात् कम्पनी के साथ जो नये सदस्य जुड़े है, उनको वर्ष 2015–16 का सीमित लाभांश व तीसरी आम बैठक में वोट देने का अधिकार नहीं होगा।

निदेशकों के उत्तरदायित्व की विवरणी :

जैसा कि कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2ए) में निदेशकों के उत्तरदायित्व विवरणी देना आवश्यक है, आपके निदेशक दिखाते है कि –

1. वित्तीय विवरणों को तैयार करते समय लागू होने वाले लेखांकन मानकों का अनुपालन किया गया एवं उससे कोई प्रमुख विचलन नहीं है।

2. निदेशकों ने ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया है और उन्हें निरन्तर लागू किया है तथा ऐसे निर्णय एवं अनुमान किये गये हैं जो कि इतने तर्कसंगत एवं उपयुक्त हैं कि वित्तीय वर्ष के अन्त में कम्पनी के कारोबार की स्थिति तथा इस अवधि के दौरान कम्पनी के लाभ का सही एवं उचित दृश्य प्रस्तुत कर सकें।

3. कम्पनी की सम्पत्तियों की सुरक्षा के साथ छल कपट/धोखेबाजी को रोकने एवं बचाव हेतु कम्पनी अधिनियम 1956 के प्रावधानों के अनुसार निदेशकों ने सही लेखे तैयार करने तथा उनके रख–रखाव में आवश्यक एवं उचित एवं पर्याप्त सावधानी रखी है।

4. निदेशकों ने 1 अप्रैल 2015 से 31 मार्च, 2016 से सम्बन्धित वित्तीय विवरण, प्रगतिशील प्रतिष्ठान के आधार पर तैयार किये हैं।

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

कम्पनी में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली उचित जगह पर है जो कि यह सुनिश्चित करती है कि कम्पनी में सभी परिसम्पत्तियों और लेन–देन की सही ढंग से रिपोर्ट दर्ज की गई है। कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 581ZF के अर्न्तगत मैसर्स अर्नस्ट एण्ड यंग एल.एल.पी. चार्टड एकाउटेण्ट्स को स्वतन्त्र रूप से कम्पनी का आन्तरिक अकेंक्षक नियुक्त किया गया है। जो स्वतन्त्र रूप से कंपनी की आन्तरिक नियन्त्रण पद्धति के औचित्यता की समीक्षा करने के साथ–साथ नियमित रूप से कम्पनी के खातों एवं व्यवहारों का अंकेक्षण करते रहते है।

वैधानिक अंकेक्षक एवं उनकी रिपोर्ट

कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षक, मैसर्स एस.बी.बिल्लीमोरिया एण्ड कम्पनी चार्टड एकाउन्टेण्ट्स गुड़गांव, हरियाणा से है एवं इनकी फर्म का आई.सी.ए.आई. में पंजीकरण संख्या – 101496W है, द्वितीय वार्षिक साधारण सभा जो दिनांक 23 सितम्बर 2015 को हुई थी में नियुक्त हुए थे एवं उनका कार्यकाल आगामी वार्षिक साधारण सभा की समाप्ति के साथ खत्म हो जाएगा।

मैसर्स एस.बी.बिल्लीमोरिया एण्ड कम्पनी चार्टर्ड एकाउन्टेण्ट्स जो अंकेक्षक की नियुक्ति के योग्य हैं और उन्होंने नुियक्ति एवं पारिश्रमिक से सम्बन्धित प्रस्ताव रखा है जिससे कि उनका कार्यकाल तृतीय वार्षिक साधारण सभा की समाप्ति से चर्तुथ वार्षिक साधारण सभा की समाप्ति पर खत्म होगा। यदि इसे सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त होता है।

कम्पनी के अंकेक्षकों से इस आशय में प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है कि यदि उनकी पुन: नियुक्ति होती है तो वह कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 224 (1बी) के प्राविधानों के अनुसार होगी।

आपके निदेशक मैसर्स एस.बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कम्पनी को वैधानिक अंकेक्षक के रूप में आगामी आम सभा में नियुक्ति करने की अनुशंसा करते हैं।

अंकेक्षकों की रिपोर्ट में ऐसा कोई भी तथ्य नहीं है जिसका विवरण बोर्ड को देना है।

कर्मचारियों का विवरण

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2ए) को कम्पनी (कर्मचारियों के विवरणी) नियम, 1975 के साथ पढ़ा जाये, का अनुसरण करते हुए समीक्षाधीन अवधि में किसी भी कर्मचारि ने किसी भी स्थिति में पारिश्रमिक के रूप में कुल मिलाकर रू. 60 लाख वार्षिक अथवा रू. 5 लाख प्रतिमाह से अधिक राशि प्राप्त नहीं की है।

ऊर्जा संरक्षण, शोध एवं विकास, तकनीकी समावेश, विदेशी विनियम आय एवं निकासी

कंपनी अधिनियम 1956 की धरा 217 (1ई) इसे कंपनी (निदेशक मण्डल की रिपोर्ट में विवरण का प्रकटीकरण) नियम 1988 के साथ पढ़ा जाये, के अनुसार जानकारी इस प्रकार है –

1. कंपनी नियमों के भाग ए एवं बी ऊर्जा संरक्षण तथा तकनीकी समावेश के सम्बन्ध में वर्तमान में कंपनी पर लागू नहीं होते है।

2. विदेशी विनियम आय तथा निकासी – आय, शून्य, निकासी – शून्य।

आभार

निदेशक मंडल, कंपनी के सदस्यों, व्यावसायिक सहयोगियों के प्रति इस समीक्षाधीन अवधि के दौरान उनके सहयोग तथा योगदान की प्रशंसा करते हैं।

निदेशक, बैंकों, कर्मचारियों, वैधानिक अंकेक्षकों, आन्तरिक अंकेक्षकों, केन्द्र एवं राज्य सरकार और अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी अधिकारियों के लगातार कंपनी को सहयोग देने के लिए, अपने अन्तर्मन से सभी को धन्यवाद करते हैं।

निदेशक मण्डल राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की डेयरी सर्विसेज तथा मदर डेयरी फ्रूट एण्ड वेजीटेबिल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा प्रोत्साहन एवं सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त करते है।

वास्ते निदेशक मण्डल
ह./–
महेश चन्द्र
अध्यक्ष एवं निदेशक

दिनांक – 11 अगस्त, 2016
स्थान : आगरा

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

सदस्यों के लिए स्वतंत्र अंकेक्षकों का प्रतिवेदन

वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

हमने दिनांक 31 मार्च, 2016 को कम्पनी का आर्थिक चिट्ठा, लाभ–हानि खाता तथा रोकड़ प्रवाह दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए सहज मिल्क प्रोड्यसर कम्पनी लिमिटेड के संलग्न वित्तीय विवरणों, संक्षिप्त महत्वपूर्ण एकाउंटिंग नीतियों तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचनाओं का अंकेक्षण किया है।

वित्तीय विवरणों के सम्बन्ध में प्रबंधन का दायित्व

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 में वर्णित लेखामानकों तथा आमतौर पर भारत में लागू लेखांकन मानकों के अनुसार कंपनी के प्रबंधकों का दायित्व कंपनी के वे सभी वित्तीय विवरण तैयार करना है। जो कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादकता तथा रोकड़ प्रवाह की सही जानकारी प्रदान करते हों जो कि कंपनी लेखांकन (नियम) 2014, (जो कि भारत में स्वीकार्य है) लेखांकन सिद्धांतों जोकि अधिनियम की धारा 133 में वर्णित हैं, के अनुरूप है। इसमें वे सभी दायित्व सम्मलित हैं जो अधिनियम के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने तथा उनका प्रस्तुतीकरण करने हेतु कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तैयार कर उसे लागू करने तथा बनाये रखना है, जिससे कंपनी के वित्तीय लेखों की सही जानकारी प्रदान करें तथा जो धोखेबाजी या त्रुटिपूर्ण तथ्यात्मक गलत कथनों से मुक्त हों (जिसमें कि और लेखांकन सिद्धांतों का सही चुनाव और क्रियान्वयन, उचित और तर्कसंगत अनुमानत लगाना और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण से सम्बन्धित एक प्रक्रिया बनाना, उसे लागू करना और उसे बनाये रखना शामिल है।)

अंकेक्षकों का दायित्व

हमारा दायित्व इन वित्तीय विवरणों पर अंकेक्षण के आधार पर अपनी राय प्रकट करना है। हमने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स आफ इंडिया द्वारा अंकेक्षण पर जारी मानकों के अनुसार अंकेक्षण किया है। इन मानकों के लिए आवश्यक है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का पालन करते हुए अंकेक्षण की योजना तथा उसका निष्पादन इस प्रकार करें जिससे इस बात के लिए आश्वस्त किया जा सके कि वित्तीय लेखे सभी प्रकार के गलत तथ्यात्मक कथनों से मुक्त हैं।

अंकेक्षण में वित्तीय विवरणों में दी गई राशियों तथा प्रकाशित तथ्यों के अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त करना शामिल है। अंकेक्षण के लिए चयनित प्रक्रिया अंकेक्षण के स्व विवेक एवं निर्णय पर निर्भर करती है, जिसमें वित्तीय विवरणों के सन्दर्भ में कपटपूर्ण या गलती से दिए गए गलत तथ्यात्मक कथनों से सम्बंधित जोखिम की मात्रा का अनुमान लगाना भी शामिल है। ऐसी परिस्थितियों के लिए आवश्यक अंकेक्षण प्रक्रिया तैयार करने हेतु अंकेक्षण इस प्रकार की जोखिम का निर्धारण करने के लिए कंपनी के उन सभी आंतरिक नियंत्रणों पर विचार करता है जो कंपनी के

वित्तीय लेखे तैयार कर उसके उचित प्रस्तुतीकरण करने में आवश्यक है। परन्तु कंपनी के आंतरिक नियंत्रण की प्रभावशीलता पर अपने विचार प्रकट करने का उद्देश्य नहीं है। साथ ही अंकेक्षकों का उद्देश्य लेखांकन के लिए प्रयोग की जा रही नीतियों की औचित्यता तथा प्रबंधन के लेखांकन अनुमानों की तार्किकता के साथ–साथ लेखों के सम्पूर्ण प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन करना भी है।

हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किये गये अंकेक्षण साक्ष्य अंकेक्षण पर राय प्रकट करने के लिए एक आधार के रूप में पर्याप्त एवं उचित हैं।

राय

हमारी राय में एवं हमें प्राप्त जानकारी तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उपरोक्त वर्णित वित्तीय विवरण, 31 मार्च, 2016 को कंपनी का चिट्ठा, वर्ष समापन की तिथि को लाभ–हानि खाता और वर्ष समापन की तिथि को रोकड़ प्रवाह खाता, आमतौर पर भारत में स्वीकार्य लेखांकन सिद्धातों के अनुरूप, अधिनियम के अंतर्गत सत्य एवं निष्पक्ष सूचनायें देते हैं।

अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन (रिपोर्ट)

- अधिनियम की धारा 147 (11) के तहत केन्द्र सरकार द्वारा जारी कम्पनीज अंकेक्षण रिपोर्ट आदेश, 2015 (आदेश) के अंतर्गत, हमने आदेश के पैराग्राफ 3 एवं 4 में वर्णित तथ्यों पर विवरण अनुलग्नक 1 में दिया है।

- कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 581 में ZG में वर्णित तथ्यों पर हमने विवरण अनुलग्नक II में दिया गया है। (कंपनी अधिनियक, 2013 की धारा 465 के अनुसार, भाग IXA के उपनियम वैसे ही लागू होंगे जैसे कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधान लागू होते हैं।

- अधिनियम की धारा 143 (3) के अनुसार, हमारी रिपोर्ट निम्न प्रकार है:–

  - हमने वे सभी सूचनायें तथा स्पष्टीकरण प्राप्त किये हैं, जो हमारी जानकारी में अंकेक्षण के उद्देश्य से आवश्यक थे।

  - हमारी राय में कंपनी ने वैधानिक रूप से आवश्यक सभी लेखे उचित तरीके से बना रखे हैं जो कि हमारे द्वारा लेखा पुस्तकों के किये गए परीक्षण से प्रकट होता है।

  - इस रिपोर्ट में वर्णित कंपनी का चिट्ठा, लाभ–हानि खाता तथा रोकड़ प्रवाह कंपनी की लेखा पुस्तकों के अनुरूप हैं।

- हमारी राय में कंपनी का चिट्ठा, हानि खाता तथा रोकड़ प्रवाह कंपनी अधिनियक 2013, की धारा 133 एवं कंपनी लेखानियम, 2014 के नियम 7 अनुरूप हैं।

- कंपनी के निदेशकों से प्राप्त लिखित प्रस्तुतीकरण तथा निदेशक मंडल के 31 मार्च 2016 के अनुसार को कोई भी निदेशक अधिनियम की धारा 164 (2) के अनुसार निदेशक नियुक्त होने के लिए आयोग्य नहीं है।

- कम्पनीज (ऑडिट एण्ड ऑडिटर्स) रूल्स, 2014, के अनुरूप तथा जो तथ्य हमें दिए गये है, उनके अनुसार :

    1. कंपनी के विरूद्ध ऐसा कोई भी विवाद जारी नहीं है जो कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करता हो।

    2. कंपनी की किसी के साथ कोई भी डेरीवेटिव कॉन्टैक्ट नहीं है जिससे कोई भी वित्तीय हानि होती हो।

    3. कंपनी के द्वारा निवेशक शिक्षा संरक्षण निधि में कोई राशि हस्तांतरित नहीं की गई है।

कृते एस. बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कं.
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
(Registration No. 101496W)

ह./–
जितेन्द्र अग्रवाल
साझेदार
(Membership No. 87104)

स्थान : गुड़गाँव
दिनांक : 11 अगस्त, 2016

स्तंत्र अंकेक्षकों के प्रतिवेदन (रिपोर्ट) का अनुलग्नक–I

अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन रिपोर्ट के पैराग्राफ 1 को देखे।

कंपनी के व्यवसाय तथा क्रियाओं की प्रकृति एवं अवधि के दौरान कम्पनी के परिणामों की प्रकृति को देखते हुए आदेश के पैराग्राफ 3 के उपनियम (vi) एवं (viii) कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(i) कंपनी की अचल सम्पत्तियों के सम्बन्ध में

अ. कंपनी की अचल सम्पत्तियों का विवरण, मात्रा तथा उनकी स्थितियों को दर्शाने के लिए उचित रिकॉर्ड बना रखे है।

ब. वर्ष के दौरान कंपनी प्रबंधन के द्वारा अचल सम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन एवं नियमित सत्यापन कार्यक्रम के तहत किया गया है। जिसमें सम्पत्तियों के भौतिक सत्यापन हेतु दिया गया अंतराल हमारी राय में सही है। हमें प्रदान की गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार इस प्रकार के सत्यापन में किसी भी प्रकार की कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पायी गई है।

(ii) रहतिया के सम्बन्ध

अ. हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार इस वर्ष के दौरान कंपनी प्रबंधन द्वारा रहतिया का उचित अंतराल पर भौतिक सत्यापन किया गया है।

ब. हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार हमारी राय में प्रबंधन द्वारा रहतिया के भौतिक सत्यापन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया कंपनी के आकार तथा उसके व्यवसाय की प्रकृति के अनुसार उचित एवं सही है।

स. हमारी राय में एवं हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी द्वारा रहतिया का उचित रिकॉर्ड रखा गया है तथा भौतिक सत्यापन पर किसी भी प्रकार की कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पाई गई है।

(iii) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 189 के अनुसार कंपनी ने किसी भी कम्पनियों, फर्मों या रजिस्टर में दर्ज किसी भी पक्षकार अथवा पक्षकारों से किसी भी प्रकार का कोई सुरक्षित या असुरक्षित ऋण दिया या लिया नहीं है।

(iv) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, स्पष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए खरीदे गए कुछ सामान विशेष प्रकृति के है तथा इनके उपयुक्त विकल्प तुलनात्मक कुटेशन प्राप्त करने के लिए सरलता से उपलब्ध नहीं है। कंपनी के आकार तथा इसके व्यवसाय के प्रकृति के अनुसार माल व अचल सम्पत्तियाँ क्रय करने तथा माल के विक्रय हेतु उचित आंतरिक नियंत्रण पद्धति विधिमान है। वर्ष के दौरान कंपनी का संचालन सेवाओं की किसी भी बिक्री को उत्पन्न होने नहीं देता है। अंकेक्षण के दौरान अंतरिम नियंत्रण प्रक्रिया में हमें कोई महत्वपूर्ण कमी नजर नहीं आई।

(v) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने आम जनता से किसी भी प्रकार की कोई सार्वजनिक जमायें स्वीकार नहीं की है, इसलिए आदेश के उपनियम 3(v) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(vi) हमें वैधानिक देयताओं के बारे में प्रदान की गई सूचनाओं तथा स्पष्टीकरण के अनुसार :

अ. कंपनी नियमित रूप से निर्विवाद तौर पर देय वैधानिक दायित्वों की राशियों जैसे भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, विक्रयकर, सेवाकर तथा अन्य कोई भी कंपनी पर लागू होने वाले महत्वपूर्ण वैधानिक दायित्वों आदि का उपयुक्त अधिकारण को नियमित भुगतान करती रही है। हमें सूचित किया गया है कि कंपनी द्वारा इस वर्ष के दौरान किये गये कार्यों के कारण किसी भी प्रकार का कोई निवेशक शिक्षा संरक्षण निधि, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं बंधन जैसा कोई भी दायित्व उत्पन्न नहीं हुआ।

ब. 31 मार्च, 2016 को ऐसी कोई भी निर्विवाद राशि देय नहीं है, जैसे– भविष्य निधि, निवेशक शिक्षा एवं सरंक्षण निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, विक्रय कर, धनकर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क से तथा अन्य महत्वपूर्ण वैधानिक देय जिसको 6 माह हो गए हो।

स. आयकर, विक्रय कर, धनकर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क से की गई ऐसी कोई राशि 31 मार्च, 2016 को देय नहीं जिसको किसी विवाद के कारण जमा नहीं कराया गया हो।

द. कंपनी अधिनियम 1956 तथा इसके नियमों के अनुसार निवेशक शिक्षा एवं सरंक्षण निधि में किसी प्रकार की कोई भी राशि स्थानान्तरित नहीं की गई है।

(vi) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने बैंक या वित्तीय संस्थाओं से किसी प्रकार का कोई भी ऋण नहीं लिया है। इसलिए आदेश के उपनियम 3 (ix) लागू नहीं होते हैं। हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने किसी और के द्वारा लिए गए ऋण किसी प्रकार के गारंटी/जमानत नहीं दी है।

(vi) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने किसी भी दीर्घ अवधि ऋण नहीं लिया है। इसलिए आदेश के उपनियम 3 (xi) लागू नहीं होते है। हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के द्वारा या कम्पनी पर किसी भी प्रकार का कोई धोखेबाजी का आरोप इस दौरान नहीं देखा गया है।

कृते एस. बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कं.
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
(Registration No. 101496W)

ह./–
जितेन्द्र अग्रवाल
साझेदार
(Membership No. 87104)

स्थान : गुड़गाँव
दिनांक : 11 अगस्त, 2016

स्वतंत्र अंकेक्षकों के प्रतिवेदन (रिपोर्ट) का अनुलग्नक–II

अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्कताओं पर प्रतिवेदन (रिपोर्ट) के पैराग्राफ 2 को देखें

1. विक्रय किये गए माल एवं सेवाओं से प्राप्त बकाया लेनदारियों की राशि का प्रकटीकरण वित्तीय आंकड़ों की नोट संख्या 13 में हैं। हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कोई भी बकाया लेनदारियां पुनः प्राप्त हेतु संदिग्ध नहीं है।

2. हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिए गये स्पष्टीकरण के अनुसार प्रबंधन द्वारा वर्ष के अंत में हस्तगत रोकड़ का भौतिक सत्यापन किया है तथा इस तरह के सत्यापन पर किसी भी प्रकार की कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पाई गई है। हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के पास किसी भी प्रकार निवेशी या प्रतिभूतियां नहीं है।

3. 31 मार्च, 2016 को सम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के आंकड़ों के अनुसार है।

4. हमारी राय में हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने कोई ऐसा लेन–देन नहीं किया है जो कि कंपनी अधिनियम, 1956 के भाग IXA के प्रावधान के विरूद्ध हो।

5. हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने निदेशकों को कोई ऋण नहीं दिया है।

6. हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने वर्ष के दौरान किसी भी प्रकार का कोई दान एवं प्रमाणीकरण नहीं किया है।

कृते एस. बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कं.
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
(Registration No. 101496W)

ह./
जितेन्द्र अग्रवाल
साझेदार
(Membership No. 87104)

स्थान : गुड़गाँव
दिनांक : 11 अगस्त, 2016

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

आर्थिक चिट्ठा 31 मार्च, 2016

(राशि ₹ में)

क्र. सं.	विशिष्टियाँ	नोट संख्या	31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2015 को स्थिति
A-	शेयर और देयताएं			
	1. अंश धारक कोष			
	(a) अंश पूँजी	3	897,68,900	221,99,000
	(b) प्रारक्षित निधि और अधिशेष	4	1324,97,431	436,28,876
			2222,66,331	658,27,876
	2. अंश पूँजी के आवेदन लम्बित आवंटन		135,52,330	
	3. अस्थिगत अनुदान	5	1147,93,988	
	4. अंतरल देयताएं			
	(a) दीर्घ अवधि प्रावधान	6	1376,63,000	–
	(b) प्रारक्षित निधि और अधिशेष	7	54,08,404	7,13,105
			1430,71,404	7,13,105
	5. तरल देयताएं			
	(a) लघु अवधि की उधारी	8	9966,75,183	
	(b) व्यापारिक देनदार	9	2465,35,810	1728,53,782
	(C) अन्य तरल देयताएं	10	940,25,594	1582,65,650
	(d) लघु अवधि प्रावधान	11	269,05,824	221,34,135
			13641,42,411	3532,53,567
			18578,26,464	**4197,94,548**
B-	आस्तियां			
	1. अंतरल आस्तियां			
	(a) अचल आस्तियां			
	(i) मूर्त आस्तियां	12(a)	3151,87,574	1447,14,135
	(ii) अमूर्त संपत्ति	12(b)	24,76,625	.
	(iii) कार्यरत पूँजी	12(c)	161,15,874	.
	(b) आभासी कर आस्तियां (कुल)	13	15,11,728	5,09,878
	(C) दीर्घ अवधि ऋण और अग्रिम	14	113,40,720	12,15,160
			3466,32,521	1464,39,173
	2. तरल आस्तियां			
	(a) रहतिया	12	344,21,845	214,80,123
	(b) व्यापारिक देनदार	13	10584,33,942	1619,12,063
	(C) रोकड़ और रोकड़ समरूप	14	4029,27,428	876,70,260
	(d) लघु अवधि ऋण और अग्रिम	15	77,73,848	18,38,417
	(e) अन्य चल आस्तियां	16	76,36,880	4,54,512
			15111,93,943	2733,55,375
	कुल योग		**18578,26,464**	**4197,94,548**

देखें, संलग्न टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का हिस्सा है।

संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
वास्ते एस.बी.बिल्लीमोरिया एण्ड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
ह./–
जितेन्द्र अग्रवाल
साझेदार

कृते निदेशक मण्डल

ह./–
महेश चंद्र
निदेशक

ह./–
डॉ. ऋषिराज सिंह
मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक

ह./–
वरुण वर्मा
कम्पनी सचिव

ह./–
सुदीप कुमार भौमिक
वित्त प्रबंधक

स्थान : आगरा
दिनांक : 11 अगस्त, 2016

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

लाभ हानि खाता समाप्ति वर्ष 31 मार्च, 2016

(राशि ₹ में)

क्र. सं.	विशिष्टियाँ	नोट संख्या	31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2015 को स्थिति
1.	व्यावसायिक गतिविधियों से आय	20	48944,65,580	1,582,467,790
2.	अन्य आय	21	121,07,922	4,532,472
3.	कुल आय		**49065,73,502**	**1,587,000,262**
4.	**खर्चे**			
	(a) व्यावसायिक स्टॉक की खरीद	22	44558,70,460	1,459,061,740
	(b) तैयार माल के स्टॉक एवं स्टॉक इन ट्रेड में बदलाव	23	(129,41,722)	(21,480,123)
	(C) कर्मचारियों से सम्बन्धित खर्चे	24	489,06,595	10,863,525
	(d) व्यावसायिक लागत	25	333,46,909	1,071,590
	(e) ह्रास खर्च	12	419,67,095	11,912,907
	(f) अन्य खर्चे	26	1857,53,086	56,529,807
	कुल खर्चे		**47529,02,423**	**1,517,959,446**
5.	कर से पूर्व आय		1536,71,079	69,040,816
6.	कर सम्बन्धी खर्चे			
	(a) वर्तमान कर		550,00,000	23,250,000
	(b) स्थगित कर (कुल)		(10,01,850)	(509,878)
	कुल कर खर्चे		539,98,150	22,740,122
7.	सम्बन्धित वर्ष का लाभ		**996,72,929**	**46,300,694**
8.	प्रति अंश आय			
	(Nominal value Rs. 100 per share)			
	(a) बेसिक		328.97	375.98
	(b) डायलूटेड		328.57	375.98

देखें, संलग्न टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का हिस्सा है।

संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
वास्ते एस.बी.बिल्लीमोरिया एण्ड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेट्स
ह./–
जितेन्द्र अग्रवाल
साझेदार

कृते निदेशक मण्डल

ह./–
महेश चंद्र
निदेशक

ह./–
डॉ. ऋषिराज सिंह
मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक

ह./–
वरूण वर्मा
कम्पनी सचिव

ह./–
सुदीप कुमार भौमिक
वित्त प्रबंधक

स्थान : आगरा
दिनांक : 11 अगस्त, 2016

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

रोकड़ प्रवाह खाता (राशि ₹ में)

क्र. स.	विशिष्टियाँ	31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2015 को स्थिति
A.	व्यावसायिक गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह		
	कर से पूर्व लाभ	1536,71,079	69,040,816
	समायोजन		
	ब्याज से आय	(98,74,471)	(505,014)
	व्यावसायिक लागत	333,41,894	1,067,343
	कर्मचारी हित खर्चे	55,34,743	871,581
	ह्रास खर्च	419,67,095	11,912,907
	कार्यशील पूँजी में बदलाव से पूर्व व्यावसायिक लाभ	**2246,40,340**	**82,387,633**
	कार्यशील पूँजी में समायोजन		
	रहतिये में वृद्धि	(129,41,722)	(21,480,123)
	व्यावसायिक लेनदारों में वृद्धि	(8965,21,879)	(161,912,063)
	दीर्घ अवधि ऋण और अग्रिम में वृद्धि	(15,89,417)	(1,215,160)
	लघु अवधि ऋण और अग्रिम में वृद्धि	(59,35,431)	(1,838,417)
	व्यावसायिक देनदारों में वृद्धि	736,82,028	172,853,782
	अन्य चल देयताओं में वृद्धि	705,07,211	2,387,239
	व्यवसाय से रोकड़ प्राप्ति	**(5481,58,870)**	**71,182,891**
	कुल आयकर भुगतान	(607,95,370)	(5,013,502)
	व्यवसाय गतिविधियों से कुल रोकड़ प्राप्ति	**6089,54,240**	**66,169,389**
B.	**निवेश से रोकड़ प्राप्ति**		
	बैंक शेष, रोकड़ नहीं है	(3519,82,457)	(35,000,000)
	अचल आस्तियों की खरीद	(2744,45,094)	(748,631)
	ब्याज प्राप्ति	26,92,104	50,502
	निवेश में व्यय कुल रोकड	**(6237,35,447)**	**(35,698,129)**
C.	**वित्तीय गतिविधियों से रोकड़ प्राप्ति**		
	समता अंश पूँजी जारी करने से प्राप्त राशि	675,69,900	22,199,000
	शेयर आवेदन के पैसे प्राप्त	135,52,330	
	लम्बे समय तक उधारी से प्राप्त आय	13,766,3000	
	नेट वृद्धि/(कमी) कार्यशील पूँजी उधारी में	99,667,5183	
	लाभांश कर सहित भुगतान	(7,19,048)	
	वित्तीय लागत का भुगतान	(18776966)	
	वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध रोकड़ प्राप्ति	**11959,64,399**	**52,670,260**
	Net increase/(decrease) in Cash and cash equivalents (A+B+C)	**(367,25,288)**	
	वर्ष के शुरू में रोकड़	526,70,260	52,670,260
	वर्ष के समाप्ति में रोकड़	**159,44,971**	**52,670,260**
	रोकड़ में सम्मिलित		
	बैंक करंट अकाउंट	159,44,971	526,70,260
	कुल रोकड़ प्रवाह	159,44,971	526,70,260
	जोड़ें: नकद और नकद समतुल्य रूप में नही माना बैंक बैलेंस	3869,82,457	350,00,000
	नकद और नकद समकक्ष आर्थिक चिट्ठा के अनुसार (17 नोट)	**4029,27,428**	**876,70,260**

देखें, संलग्न टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का हिस्सा है।

संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
वास्ते एस.बी.बिल्लीमोरिया एण्ड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेट्स
ह./–
जितेन्द्र अग्रवाल
साझेदार

कृते निदेशक मण्डल

ह./–
महेश चंद्र
निदेशक

ह./–
डॉ. ऋषिराज सिंह
मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक

ह./–
वरुण वर्मा
कम्पनी सचिव

ह./–
सुदीप कुमार भौमिक
वित्त प्रबंधक

स्थान : आगरा
दिनांक : 11 अगस्त, 2016

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग है।

1. कंपनी के बारे में

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, कंपनी अधिनियम, 1956 के भाग IXA के अंतर्गत दिनांक 17 अक्टूबर, 2014 को गठित है।

दिनांक 12 दिसम्बर 2014 से कंपनी ने उत्तर प्रदेश में दुग्ध क्रय करने का कार्य प्रारम्भ किया। कंपनी उत्तर प्रदेश के गाँवों के दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध संकलन केन्द्रों के माध्यम से दुग्ध क्रय कर विभिन्न डेयरियों को बेचती है। कंपनी कच्चे दूध का विक्रय मदर डेरी फ्रूट एण्ड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड को करती है।

साथ ही साथ दुग्ध उत्पादकों को ''सहज सुदाना'' के नाम से (BIS-II) ग्रेड का संतुलित पशु आहार, चिलेटिड क्षेत्र विशेष खनिज मिश्रण उचित कीमतों पर उपलब्ध कराती है। कंपनी में वर्ष 2016–17 की प्रथम तिहाही में उत्तर–प्रदेश के विभिन्न शहरी उपभोक्ताओं के लिए दुग्ध विक्रय (सहज गोल्ड, सहज ताजा, सहज फिट एन फाइन, सहज स्लिम एण्ड स्मार्ट) के नाम से प्रारम्भ किया है।

कंपनी ने राष्ट्रीय डेयरी योजना प्रथम चरण के अन्तर्गत पशुपालकों के लिए, दुग्ध उत्पादक क्षमता में वृद्धि, स्वास्थ्य एवं शुद्ध आय में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुये, कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम प्रारम्भ किया है, जिसमें प्रशिक्षित कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन द्वारा मानक संचालन पद्धति को अपनाते हुए एवं उच्च गुणवत्ता के वीर्य का प्रयोग करते हुए उत्पादकों के घर पर सेवा दी जाती है।

2. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां निम्न प्रकार हैं :

लेखांकन का आधार

कंपनी के लेखे कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों और कंपनी अधिनियम, 2016 की धारा 133 से सम्बंधित लागू होने वाले प्रावधानों में दिए गए लेखा मानकों तथा भारत में आमतौर पर स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों का पालन करते हुए बनाये गए हैं। एम. सी. ए. निर्देश के अनुसार कंपनी अधिनियम, 1956 के भाग IXA के प्रावधान प्रोड्यूसर कम्पनीज पर लागू रहेंगे। कंपनी के वित्तीय विवरण, विवरण उपचय लेखांकन के आधार पर ऐतिहासिक लागतों के अनुसार बनाये गए है।

अनुमानों का उपयोग

वित्तीय विवरण तैयार करने हेतु प्रबंधकों द्वारा भारत में आमतौर पर स्वीकार्य लेखा सिद्धातों के अनुसार अनुमानों तथा धारणाओं का प्रयोग सम्पत्तियों एवं दायित्वों की राशियों तथा वर्ष के दौरान होने वाले आय एवं

व्ययों की दर्शायी गई राशियों के लिए किया गया है। कंपनी प्रबंधन का मानना है कि वित्तीय विवरण तैयार करने हेतु प्रयोग किए गये अनुमान विवेकपूर्ण एवं उचित हैं। इन अनुमानों के कारण भावी परिणामों में अंतर हो सकता है एवं वास्तविक परिणामों एवं अनुमानों के अंतर को, परिणामों की जानकारी प्राप्त होने की अवधि में निर्धारित किया जाता है।

रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य (रोकड़ प्रवाह विवरण के उद्देश्य से)
रोकड़ में हस्तगत रोकड़ तथा बैंक में हमाये शामिल हैं। रोकड़ तुल्य अल्पकालीन शेष होते हैं (जिनकी मूल परिपक्वता अवधि 3 माह या इससे कम लेने की तिथि से) जो नकदी निवेश के समान होते हैं तथा जिन्हें किसी भी समय रोकड़ में परिवर्तित किया जा सकता है तथा जिनमें मूल्य परिवर्तन की जोखिम का नगण्य प्रभाव होता है।

रोकड़ प्रवाह विवरण
रोकड़ प्रवाह अप्रत्यक्ष पद्धति के द्वारा बनाया गया हैं। जिसमें लाभ–हानि खाते को अप्रत्याशित खर्चों, कर तथा अरोकड़ प्रकृति के खर्चे, भविष्य में प्राप्त होने वाली राशियों, भुगतान अथवा पूर्व में प्राप्त किये गए राशियों एवं भुगतान को समायोजित करते हुए बनाया जाता है। उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर रोकड़ प्रवाह को कंपनी की परिचालन, विनियोजन एवं वित्तीय क्रियाओं के आधार पर अलग–अलग किया जाता है।

आय का निर्धारण
ऐसी आयों को विक्रय से आय माना जाता हैं जिसमें शुद्ध प्राप्ति, व्यापारिक बट्टे महत्वपूर्ण जोखिम के हस्तांतरण तथा क्रेता से स्वामित्व का प्रतिफल जो कि ग्राहकों को माल की सुपर्दगी के समय होता हो, को विक्रय के रूप में जाना जाता है। जमाओं पर ब्याज की आय को उपार्जन के आधार पर आय के रूप में माना जाता है।

अन्य आय
जमा पर ब्याज अर्जित आधार पर मानी जाती है।

अचल संपत्तियां (मूर्त)
अचल सम्पत्तियों को उनकी लागत में से संचित ह्रांस/परिशोधन तथा यदि कोई क्षति है तो उसको कम करने के उपरांत लिया जाता है। अचल सम्पत्तियों की लागत का निर्धारण व्यापारिक बट्टा तथा छूट के बाद के क्रय मूल्य में कोई भी लगने वाला आयात तथा अन्य कर (ऐसे करों को छोड़कर जो कर अधिकारियों से पुनः वापस लिया जाना है), किसी भी प्रकार के प्रत्यक्ष खर्चे जो उस संपत्ति को वांछित प्रयोग में लेने के लिए किये जाने आवश्यक हैं, ऐसी संपति पर प्रत्यक्ष रूप से होने वाले किसी भी प्रकार के आकस्मिक खर्चे तथा संपत्ति क्रय करने हेतु लिए गए ऋण पर उसे वांछित प्रयोग हेतु चालू हो जाने तक की तिथि के ब्याज को शामिल

किया जाता है। अचल सम्पत्तियों पर क्रय करने के उपरांत किये गए किसी भी प्रकार के अन्य खर्चे जिनसे संपति की भावी निष्पादकता में पूर्व की निष्पादकता की तुलना में वृद्धि होती है का पंजीकरण किया जाता है।

ह्रास

ह्रास का निर्धारण सीधी रेखा पद्धति संपत्ति के प्रयोग जीवन के आधार पर होता है जो कि टेक्निकल सलाह, संपत्ति की प्रकृति, सम्पत्ति का अनुमानित उपयोग, संपत्ति को चलाने की दशाएं, पिछली रेप्लसमेंट्रस, टेक्नोलॉजी के बदलाव, निर्माण वारंटी और रखरखाव सेवा इत्यादि पर निर्भर करता है।

ह्रास का निर्धारण करने के लिए संपत्ति का उपयोगी जीवन निम्न प्रकार निर्धारित करते हैं,

विवरण	उपयोगी वर्ष	जिन्दगी
प्लांट एवं उपकरण	10	–
फर्नीचर एवं फिक्चर्स	15	–
कम्प्यूटर्स	03	–
कार्यालय उपकरण	10	–

मूल्य–ह्रास का आंकलन वृद्धि की तिथि से अनुपातिक आधार पर किया जाता है।

5000 रूपये या इससे कम मूल्य के एकल सम्पत्तियों को उनके क्रय के वर्ष में हैं मूल्य ह्रासित किया जाता है।

रहतिया

रहतिया में सभी प्रकार का कच्चा माल एवं पैकिंग सामग्री, तैयार माल, भण्डार तथा उपकरण शामिल हैं। रहतिया का मूल्यांकन लागत पर और वास्तव में वसूल हो सकने वाली राशि में जो कम हो, उस पर किया जाता है। लागत का निर्धारण भारित औसत विधि के आधार पर किया जाता है। लागत में वे सभी खर्चे सम्मिलित हैं जो उनके वर्तमान स्थान तथा स्तिथि में लाने हेतु किये गए हैं। तैयार माल में ऊपरी खर्चों का उचित अनुपात सम्मिलित है।

कर्मचारी लाभ

कर्मचारी लाभों में भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, ग्रेच्युटी तथा अवकाश का प्रतिफल हेतु प्रावधान शामिल है।

निर्धारित योगदान योजनाएं

भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा योजना में कंपनी के योगदान को निर्धारित अंशदान योजना माना जाता है। योगदान की राशियों को ध्यान में रखते हुए लाभ–हानि खाते में दर्शाया गया है।

निर्धारित लाभ योजनाएं

ग्रेच्यूटी को निर्धारित लाभ योजना के तहत माना गया है। ग्रेच्युटी को चिट्ठे की तिथि को किये गए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार लिया गया है। प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट पद्धति के अनुसार दायित्वों में बढ़ोत्तरी को बीमांकिक मूल्यांक के आधार पर प्रतिवेदन की तिथि को लाभ हानि खाते में दर्शाया जाता है। बीमांकिक लाभों तथा हानियों को लाभ–हानि खाते में दर्शाया जाता है।

अल्पकालीन कर्मचारी लाभ

कर्मचारियों के अल्पकालीन अदत्त लाभों की राशियों को उन कर्मचारियों को उनके द्वारा प्रदत्त सेवाओं के एवज में, उस वर्ष में दर्शाया जाता है जिस वर्ष में उनके द्वारा सेवाएं दी गयी हैं। इन लाभों में परफॉरमेंस इन्सेन्टिव्स और अनुपस्थिति क्षतिपूर्ति शामिल हैं जो पिछले 12 माह में कर्मचारियों द्वारा दी गयी सेवाओं से सम्बन्धित है।

दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ

ऐसी प्रतिपूर्ति अनुपस्तिथियां, जो कर्मचारी द्वारा सम्बन्धित सेवा प्रदान करने की अवधि के समापन के 12 माह की अवधि में होने की अपेक्षा नहीं थी। एक निर्धारित लाभ दायित्व के आधार पर वर्तमान मूल्य पर दायित्व का निर्धारण चिट्ठे की तिथि को बीमांकिक मूल्य के आधार पर किया जाता है।

प्रतिशेयर आय

प्रतिशेयर मूल्य का निर्धारण, कर पश्चात शुद्ध लाभ को वर्ष के दौरान अदत्त रहे समता अंशों की भारित औसत संख्या से भाग देकर किया जाता है। डायल्यूटेड प्रति अंश आय की गणना, कर पश्चात के लाभों को भारित औसत विधि से वर्ष के दौरान अदत्त रहे भारित औसत समता अंशों की संख्या (एंटी डाइल्यूटेड समता अंशों की संख्याओं को छोड़कर) से भाग देकर किया जाता है।

आय पर कर

आयकर में चालू कर तथा स्थगित कर शामिल हैं। चालू कर, कर की वह राशि है जो आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित वर्ष के लिए कर योग्य आय देय है।

स्थगित कर को समय के अंतराल से जाना जाता है। कर योग्य आय तथा लेखांकन आय में अंतर के कारण जो एक समयाविधि में अर्जित हुए है। जिसको उसके बाद की एक या उससे अधिक अवधि में वापस किया जा सकता है। स्थगित कर की गणना की दर तथा गणना की तिथि को लागू होने वाले कर के नियमों के आधार पर की जाती है। स्थगित कर दायित्वों की गणना सभी विभिन्न समयाविधियों के लिए की जाती है। स्थगित कर सम्पत्तियों की पहचान विभिन्न मदों की समय भिन्नता के आधार पर (गैर शोषित मूल्य ह्रास एवं आगे ले जाई गई हानियों को छोड़कर) यह मानते हुए की भविष्य में पर्याप्त भावी कर योग्य आय उपलब्ध होगी जिससे इनकी वसूली की जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई गैर शोषित मूल्य ह्रास एवं आगे ले जाई गई हानियां बचती हैं तो पर्याप्त भावी कर योग्य आय सम्पत्तियों की वसूलियों हेतु उपलब्ध रहेगी। स्थगित

कर सम्पत्तियों तथा दायित्वों का समायोजन किया जाता है यदि ऐसे मद लागू होने वाले समान कर प्रावधानों के आधार पर हैं तथा कंपनी को इस प्रकार के समायोजन को कानूनीतौर पर लागू करने का अधिकार है।

सम्पत्तियों के क्षति से हानि

प्रत्येक आर्थिक चिट्ठे की तिथि को कंपनी सम्पत्तियों के मूल्यों की समीक्षा यह निर्धारण करने के लिए करती है कि कोई ऐसा लक्षण तो प्रकट नहीं हो रहा जिससे कंपनी की सम्पत्तियों को किसी प्रकार की कोई क्षति/हानि हुई हो। अगर ऐसा कोई लक्षण प्रकट होता है तो उस संपत्ति के वसूल किये जा सकने योग्य मूल्य का निर्धारण उसे संपत्ति को हुई क्षति के मूल्यांकन के लिए किया जाता है। किसी भी संपत्ति से वसूल की जा सकने वाली राशि उस संपत्ति के शुद्ध विक्रय मूल्य तथा प्रयोग किये गए मूल्य से अधिक है। प्रयोग की गयी संपत्ति के मूल्य का निर्धारिण करने में अनुमानित भावी रोकड़ प्रवाह यह मानते हुए की यह सम्पत्ति नियमित रहेगी तथा इसके निस्तारण से प्राप्त आय को उसके वर्तमान मूल्य में से एक पूर्व – बट्टा दर जो कि वर्तमान बाजार दर को उस समय पर धन की कीमत तथा उस संपत्ति की क्षति की वापसी को लाभ–हानि खाते में आय के रूप में माना जाता है।

प्रावधान एवं आकस्मिक व्यय

एक प्रावधान तब माना जाता है जब किसी पूर्व कालिक घटना के कारण वर्तमान में कोई दायित्व उत्पन्न होता है तथा यह भी सम्भावना है कि इस प्रकार के दायित्व को पूरा करने के लिए स्त्रोतों का बहिर्गमन होगा, जिसके लिए उचित अनुमान लगाये जा सकें। प्रावधानों (कर्मचारियों के लाभों को छोड़कर) को उनके वर्तमान मूल्यों पर भुनाया नहीं जाता है, तथा चिट्ठा बनाने की तिथि को इस प्रकार के दायित्वों का निर्धारण सर्वश्रेष्ठ पैमानों के आधार पर किया जाता है। प्रत्येक चिट्ठे की तिथि इनकी समीक्षा की जाती है तथा वर्तमान सर्वश्रेष्ठ अनुमानों को दर्शाने हेतु समायोजित किया जाता है। आकस्मिक सम्पत्तियों को वित्तीय विवरण में दर्शाया नहीं जाता है। आकस्मिक दायित्वों को नोट लगाकर दर्शाया जाता है।

लीज

कोई भी ऐसी लीज व्यवस्था जिसमें जोखिम तथा प्रतिफल की घटनाएं उस संपत्ति के मालिक में निहित होती हैं, तो ऐसे लीज को संचालनात्मक लीज के रूप में जाना जाता है। संचालन लीज के अंतर्गत लीज किराये को लाभ–हानि खाते के विवरण अंतर्गत सीधी रेखा पद्धति के आधार पर दर्शाया जाता है।

महत्वपूर्ण घटनाएँ

चिट्ठे की तिथि के बाद होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं को जानकारी में लाया जाता है।

संचालन चक्र

कंपनी के उत्पादों एवं क्रियाओं की प्रकृति तथा सम्पत्तियों के क्रय एवं उनकी रोकड़ अथवा रोकड़ तुल्य के रूप में वसूली के आधार पर कंपनी ने अपने संचालन चक्र की अवधि इसकी सम्पत्तियों तथा दायित्वों के चालू एवं गैर चालू वर्गीकरण के उद्देश्य से 12 माह रखी है।

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

Note : अंश पूँजी

क्र. सं.	विवरण	31 मार्च, 2016 को स्थिति अंशों की संख्या	31 मार्च, 2016 को स्थिति राशि (₹ में)	31 मार्च, 2015 को स्थिति अंशों की संख्या	31 मार्च, 2015 को स्थिति राशि (₹ में)
(a).	**अधिकृत अंश पूंजी** प्रति समता अंश राशि रू. 100/–	2,000,000	200,000,000	2,000,000	200,000,000
(b)	**जारी की गयी, सदस्यों द्वारा ली गयी और पूर्ण प्रदत्त अंश पूँजी** प्रति समता अंश राशि रू. 100/–	8,97,689	897,68,900	221,990	22,199,000

नीचे दिये गये नोट संख्या (i) से (iii) देखें :–

नोट्स :–

(i) अंशों से संबद्ध अधिकार, वरीयता तथा प्रतिबंध

कम्पनी ने एक श्रेणी के रू. 100/– अंकित मूल्य वाले समता अंश जारी किये हैं। प्रत्येक सदस्य को एक वोट देने का अधिकार है। कम्पनी के अन्तर्नियमों के अनुसार प्रत्येक सदस्य सीमित प्रतिफल तथा बोनस का अधिकारी है।

(ii) वर्ष के प्रारम्भ, समापन पर समता अंशों, संख्याओं तथा अदत्त राशियों का मिलान :

क्र. सं.	विवरण	31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए अंशों की संख्या	31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए राशि (₹ में)	31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए अंशों की संख्या	31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए राशि (₹ में)
	वर्ष/अवधि की शुरूआत के बकाया अंश	221,990	22,199,000	221,990	22,199,000
	वर्ष के दौरान जारी किये गये अंश	6,75,699	675,69,900	–	–
	वर्ष के समापन पर अदत्त अंश	8,97,689	897,68,900	221,990	22,199,000

(iii) कम्पनी का पंजीयन कम्पनी अधिनियम, 1956 के भाग IXA के तहत् एक उत्पादक कम्पनी के रूप में हुआ है तथा किसी भी सदस्य के पास 5% से ज्यादा अंश पूंजी नहीं है।

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

Note 4 : संचय एवं अधिशेष

(राशि ₹ में)

क्र. सं.	विवरण	31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2015 को स्थिति
(a).	**सामान्य संचय**		
	प्रारम्भिक रहतिया	436,28,876	
	जोड़ें लाभ एवं हानि के अधिशेष से अंतरित	888,68,555	43,628,876
		1324,97,431	43,628,876
(b)	**लाभ एवं हानि विवरण में अधिशेष**		
	अवधि का लाभ	996,72,929	46,300,694
	घटाएं		
	(i) सदस्यों को प्रस्तावित प्रतिफल	8976,890	2,219,900
	(ii) प्रस्तावित सीमित प्रतिफल पर कर	18,27,484	451,918
	(iii) सामान्य संचय में अंतरित	888,68,555	43,628,876
	अंतिम शेष	–	–
	योग (a+b)	**1324,97,431**	**43,628,876**

Note 5 : आस्थगित अनुदान

(राशि ₹ में)

क्र. सं.	विवरण		31 मार्च, 2015 को स्थिति
	प्रारम्भिक रहतिया		
	पूँजी अनुदान वर्ष के दौरान उपयोग (नोट 32 देखें)	147311517	–
	कम : मूल्यह्रास की संपत्ति से सम्बन्धित पूँजी अनुदान से प्राप्त कर लिया	32517529	–
	अन्तिम रहतिया	114793988	–

Note 6 : दीर्घकालीन उधारी

(राशि ₹ में)

क्र. सं.	विवरण		31 मार्च, 2015 को स्थिति
	सिक्योर्ड		
	(a) राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से सावधि ऋण (एनडीडीबी)	137663000	–
		137663000	–

Note

(I) सुरक्षित ऋण के सम्बन्ध में उपलब्ध कराए गए सुरक्षा के विवरण के रूप में किया जा रहा है

कंपनी का ऋण, वर्तमान और भविष्य की चल संपत्ति पर एक पहला आरोप से सुरक्षित है, बंधक के मामले में और किताब को छोड़कर ऋण बचाने के लिए बनाया है और कंपनी के बैंकरों के पक्ष में पैदा किए जाने से पहले आरोपों के अधीन जैसे कच्चे माल, अर्द्ध तैयार और तैयार माल, उपभोज्य दुकानों और किताब ऋण और इस तरह के अन्य चल संपत्ति के शेयरों केवल व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम में कार्यशील पूंजी जरूरतों के लिए ऋण लेने के लिए हासिल करने के लिए ऋणदाता द्वारा सहमति व्यक्त की जा सकती है।

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

(II) दीर्घकालिक उधार की चुकौती की शर्तें इस प्रकार है:

अवधि के ऋण रूपये 17,27,37,000 मंजूर की गई है। ऋण ब्याज किया जाता है / प्रतिवर्ष 9% और ऋण अर्थात पहले संवितरण की तारीख की रिहाई से समझा प्रिंसिपल चुकौती पर 2 साल का एक अधिस्थगन अवधि के साथ 7 साल की अवधि में 60 समान मासिक किश्तों में चुकाया है।

Note 7 : दीर्घकालीन प्रावधान

(राशि ₹ में)

क्र. सं.	विवरण	31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2015 को स्थिति
(a).	कर्मचारी लाभों हेतु प्रावधान		
	(i) प्रतिपूर्ति अनुपस्थितियों हेतु	45,59,522	4,81,688
	(ii) ग्रेच्युटी हेतु	8,48,882	2,31,417
		54,08,404	7,13,105

Note 8 : लघु अवधि की उधारी

(राशि ₹ में)

क्र. सं.	विवरण	31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2015 को स्थिति
	असुरक्षित बिल डिस्काउंटिंग की सुविधा	9966,75183	0
		9966,75,183	–

Note 9 : व्यावसायिक देनदारियां

(राशि ₹ में)

क्र. सं.	विवरण	31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2015 को स्थिति
(a).	व्यावसायिक देनदारियां (स्वीकृतियो को छोड़कर) (See Note 33)	2465,35,810	1728,53,782
		2465,35,810	1728,53,782

Note 10 : अन्य चालू दायित्व

(राशि ₹ में)

क्र. सं.	विवरण	31 मार्च, 2016 को स्थिति	31 मार्च, 2015 को स्थिति
(a).	अर्जित ब्याज लेकिन उधारी पर देय नहीं	133,18,689	
(b)	धन के आवंटन के लिए आवेदन प्राप्त किया प्रतिभूति और वापसी के लिए कारण	4,95,170	
(c)	अचल सम्पत्तियों के क्रय हेतु देय	58,59,685	155878411
(d)	लावारिस/अवैतनिक लाभांश	19,52,770	–
(e)	वैधानिक देय	22,92,279	1402269
(f)	व्यावसायिक एवं प्राप्त प्रतिभूति जमायें	584,98,913	984970
